आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

• वर्ष- 15 अंक 128-• जबलपुर • बुधवार, 9 जून, 2021 • मूल्य- 2 रुपए • पृष्ठ-8 • ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष -14 • विक्रम संवत् 2078 शके 1935

## कन्नड़ भाषा के बाद इंस्टा में शिव का अपमान



कन्नड़ भाषा को भद्दी भाषा बताने वाला गूगल का मामल अभी थमा भी नहीं है कि हिन्दू धर्म में भगवान शिव का मजाक उड़ाने का मामला सामने आया है। लेकिन इस बार गुनाहगार कोई ओर नहीं बल्कि सोशल प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम है। राजधानी दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी के एक नेता ने इंस्टाग्राम के खिलाफ मामला दर्ज कराया है, जिसमें इंस्टाग्राम पर हिन्दू धर्म के भगवान शिव जी का अपमान करने का आरोप लगाया गया है।

## जल्द एमपी में मानसून की दस्तक

मुंबई में झमाझम बारिश ने लोगों को काफी राहत दी है। देश के उत्तरी इलाकों में भी मानसून के जल्द पहुंचने की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक बीती रात में मुंबई में अच्छी बारिश हो रही है। इधर मध्य प्रदेश में प्री मानसून बारिश शुरू हो चुकी है। दक्षिण-पश्चिम मानसून अब पूर्वी भारत की ओर बढ़ रहा है। बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश में मानसून जल्द ही दस्तक दे सकता है।

# भूल-चूक माफ-शिवराज धाकड़, विजयवर्गीय ब्राह्मण तो सिंधिया बने राजपूत

**भोपाल।** मध्यप्रदेश की राजनीति में लगातार घमासान मचा हुआ है। पहले हनीट्रैप मामले में कमलनाथ को भाजपा घेर रही थी, लेकिन अब भाजपा अपनी कार्यसमिति की सूची को लेकर विपक्ष के निशाने पर है। दरअसल, भाजपा ने मंगलवार (8 जून) देर रात प्रदेश कार्यसमिति की घोषणा की। इसमें पहली बार पदाधिकारियों के नाम के आगे उनकी जाति लिख दी गई। यह सूची जारी होते ही विवाद शुरू हो गया, जिसके चलते महज 10 मिनट बाद ही लिस्ट को सोशल मीडिया से हटा दिया गया। इसके बाद रात 12. 45 बजे जाति हटाकर पदाधिकारियों की संशोधित सूची जारी की गई। जानकारी के मुताबिक, भाजपा के राज्यसभा सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया के भोपाल आने से पहले ही आनन-फानन में कार्यसमिति की सूची जारी की गई थी। इसमें सिंधिया के कुछ समर्थकों को भी एंट्री मिली, लेकिन पहली बार ऐसा हुआ, जब किसी पदाधिकारी के नाम के आगे उसके वर्ग व जाति का उल्लेख भी किया गया। हालांकि, कुछ नेताओं की जाति गलत लिखी थी। इनमें कैलाश विजयवर्गीय, सीएम शिवराज सिंह चौहान और ज्योतिरादित्य सिंधिया शामिल हैं। दरअसल, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय वैश्य हैं, जबकि उनके नाम के आगे ब्राह्मण लिखा था। वहीं, सीएम शिवराज सिंह चौहान की जाति धाकड़ और सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया की जाति राजपूत लिखी थी। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता लोकेंद्र पाराशर का कहना है




प्रदेश कार्यसमिति की घोषणा, गलत जाति लिख फंसी भाजपा

कि पहली सूची गलती से जारी हो गई थी। उसमें सुधार किया गया, जिसके बाद सूची दोबारा जारी की गई। नई प्रदेश कार्यसमिति में 162 सदस्य, 218 विशेष आमंत्रित सदस्य, 23 स्थायी आमंत्रित सदस्य हैं। इनमें पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती का नाम नहीं है। स्थायी आमंत्रित सदस्यों में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री थावरचंद गेहलोत, केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय, सुमित्रा महाजन, केंद्रीय मंत्री धर्मेंद प्रधान, ज्योतिरादित्य सिंधिया, केंद्रीय राज्यमंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते, केंद्रीय राज्य मंत्री प्रह्लाद पटेल, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रहे विक्रम वर्मा, सत्यनारायण जटिया और प्रभात झा को शामिल किया गया है। इनके अलावा सांसद और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राकेश सिंह, गृह एवं संसदीय कार्यमंत्री नरोत्तम मिश्रा, लोक निर्माण मंत्री गोपाल भार्गव समेत पूर्व मंत्री लाल सिंह आर्य, ओमप्रकाश ध्रुवे, सांसद सुधीर गुप्ता, पूर्व मंत्री माया सिंह, जयभान सिंह पवैया, कृष्ण मुरारी मोघे, माखन सिंह और भगवत शरण माथुर को भी सूची शामिल किया गया है। पिछली कार्य समिति में सदस्य रहे पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेंद्रनाथ सिंह को इस बार जगह नहीं मिली, जबकि भोपाल के पूर्व जिलाध्यक्षों को शामिल किया गया।

### 10 मिनट में जारी हुई संशोधित सूची

जातियों के साथ सूची जारी करने को लेकर भाजपा घिरती नजर आई। इसके बाद सूची को डिलीट कर दिया गया। रात 12.45 बजे बीजेपी कार्यकारिणी की संशोधित सूची जारी की गई, जिसमें जाति हटा दी गई। हालांकि, इस मामले में कांग्रेस ने ट्वीट करके भाजपा को घेरने की कोशिश की।

## फटाफट खबरें



### मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ मेदांता अस्पताल में भर्ती

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ को गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोरोना वायरस संक्रमण के लक्षण दिखने के बाद उन्हें अस्पताल में एडमिट कराया गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक कमलनाथ पिछले दो दिनों से सर्दी-बुखार से पीड़ित थे। उनमें बुखार के अलावा कोरोना संक्रमण के अन्य लक्षण भी दिखे थे। कमलनाथ सुबह 10 बजे मेदांता अस्पताल में चेकअप के लिए पहुंचे जिसके बाद डॉक्टरों ने उन्हें भर्ती होने को कहा।

### मिस्ट्री गर्ल बारबरा का दावा: मेहुल ने रिश्ते बनाने की कोशिश की



**नई दिल्ली।** हजारों करोड़ रुपये के पीएनबी घोटाले में वांछित भारत के भगोड़े हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी डोमिनिका जेल में बंद है। इधर मिस्ट्री गर्ल के नाम से मशहूर और चोकसी की गर्लफ्रेंड बारबरा जाबरिका ने पहली बार चुप्पी तोड़ी है। जाबरिका ने मेहुल को अगवा करने की अफवाहों को खारिज करते हुए कहा कि अपहरण करने का तो कोई मतलब ही नहीं बनता है। वह रिश्ते बनाने के लिए होटल बुक, फ्लाइट का टिकट कराने का अक्सर ऑफर करता था, लेकिन उसके सारे प्रस्ताव को ठुकरा दिया।

### फिर बढ़ी पेट्रोल डीजल की कीमत

**नई दिल्ली।** देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतें लगातार बढ़ती जा रही हैं। बुधवार को भी दोनों ईंधनों की कीमतों में 25-25 पैसे की बढ़ोतरी हुई। इसके बाद दिल्ली में पेट्रोल 95.56 रुपये प्रति लीटर और डीजल 86.47 रुपये प्रति लीटर पर मिल रहा है। क्रूड ऑयल की कीमतों में तेजी के चलते दामों में बढ़ोत्तरी हो रही है। मुंबई में पेट्रोल 101.76 रुपये प्रति लीटर हो चुका है, जबकि चेन्नै में 96.94 और कोलकाता में 95.52 रुपये प्रति लीटर के भाव से पेट्रोल मिल रहा है।महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश और राजस्थान के कई शहरों में पेट्रोल की कीमतें 100 के पार जा चुकी हैं




# उद्धव-मोदी की मुलाकात, गर्म हुआ सियासत का बाजार



**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने मंगलवार को दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री मोदी के साथ मुलाकात के बाद से उठ रहे सवालों पर शिवसेना ने कहा कि सत्ता में साथ नहीं होने का यह मतलब नहीं है कि रिश्ते टूट गए। व्यक्तिगत रिश्ते सत्ता से अलग होते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की दिल्ली में हुई मुलाकात को लेकर शिवसेना ने अपने मुखपत्र सामनाा में लेख लिखा है। इसमें कहा गया है कि सत्ता में एक साथ नहीं हैं, इसका मतलब रिश्ता टूट गया ऐसा नहीं होता है। ये रिश्ता कैसा है, इसका पूरा अध्ययन महाराष्ट्र के भाजपाई नेता आगे करते रहे हैं। राजनीतिक मतभेद होने का मतलब व्यक्तिगत रिश्ते कमजोर हो गए, ऐसा नहीं होता है। व्यक्तिगत रिश्ते-नाते सत्ता से कहीं अलग और ऊपर होते हैं। शिवसेना ने हमेशा इन रिश्तों को संभाला है। नरेंद्र मोदी-उद्धव ठाकरे की मुलाकात जिस तरह से राज्य शिष्टाचार का हिस्सा थी, उसी तरह व्यक्तिगत रिश्तों की भी थी। इसलिए इस मुलाकात पर आगे लंबे समय तक चर्चा की धूल उड़ती रहेगी। मुख्यमंत्री का दिल्ली दौरा राजनीति के लिए नहीं था, जिन्हें इस मुलाकात में राजनीति दिखती है, वे धन्य होंगे। प्रधानमंत्री-मुख्यमंत्री की मुलाकात से केंद्र से जुड़ीं महाराष्ट्र की समस्याएं हल करने की कोशिश थी।

### तो इसमें नया क्या...

महाराष्ट्र विधानसभा में विपक्ष के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा, मुझे नहीं पता कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के बीच अलग से कोई मुलाकात हुई है। यदि हम मान भी लेते हैं कि इस तरह की कोई बैठक हुई भी है, तो इसमें आश्चर्य की कोई बात नहीं है।%% फडणवीस ने कहा कि जब वह महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री थे, तो प्रधानमंत्री उनके साथ अलग से विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते थे। उन्होंने कहा कि जब मैं प्रधानमंत्री से एक शिष्टमंडल के साथ मिलता था तो वह उनके साथ पांच से दस मिनट तक बात करते थे। बाद में प्रधानमंत्री राज्य से संबंधित मुद्दों पर मेरे साथ अलग से 15 से 20 मिनट तक चर्चा करते थे। पीएम नरेंद्र मोदी से रिश्तों और मुलाकात को लेकर पूछे गए सवाल को लेकर उद्धव ठाकरे ने दिल्ली में मंगलवार को बेबाकी से जवाब दिए। उद्धव ठाकरे ने कहा था कि भले ही राजनीतिक रूप से साथ नहीं हैं, लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि हमारा रिश्ता खत्म हो गया है।

## बड़ी राहत: बीते 24 घंटे में 92596 नए मामले सामने आए

# लगातार दूसरे दिन 1 लाख से कम केस



**नई दिल्ली।** देश में नए कोरोना वायरस संक्रमण के मामले लगातार दूसरे दिन भी एक लाख से नीचे आए हैं। बीते 24 घंटे में 92596 नए केस सामने आए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक बीते 24 घंटों में कोरोना संक्रमण के 96,596 नए मामले सामने आए हैं और इस दौरान 2219 लोगों मौत हुई है। केंद्रीय स्वास्थ्य ने बताया है कि इस दौरान कोरोना से ठीक होने वालों की संख्या 1 लाख 64 हजार 664 रही। इसको मिलाकर देश में अब तक कुल 2 करोड़ 75 लाख 4 हजार 126 लोग कोरोना से ठीक हो चुके हैं। भारत की कोरोना की रिकवरी दर फिलहाल 94.55फीसदी है। कोरोना संक्रमण के सक्रिय मामलों में भारत फिलहाल दूसरे स्थान पर है। साथ ही कुल संक्रमितों की संख्या के मामले में भी भारत का दूसरा स्थान है जबकि दुनिया में अमेरिका, ब्राजील के बाद अभी तक भारत में सबसे ज्यादा मौतें कोरोना संक्रमण के कारण हुई है। 8 जून तक देशभर में 23 करोड़ 90 लाख 58 हजार 360 कोरोना वैक्सीन के डोज दिए जा चुके हैं। बीते 24 घंटे में भी 27 लाख 76 हजार 96 टीके लगाए गए। वहीं अबतक 37 करोड़ 1 लाख से ज्यादा कोरोना परीक्षण हो चुके हैं। बीते दिन 19.85 लाख कोरोना सैंपल टेस्ट किए गए।

### भारत में फिलहाल मृत्यु दर 1.22 फीसदी

भारत में कोरोना के सक्रिय मामलों में भी गिरावट देखी गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक बीते 24 घंटों में कोरोना के 72,287 सक्रिय मामले कम हुए हैं। भारत में अभी फिलहाल कोरोना के 12 लाख 31 हजार 415 सक्रिय मामले हैं। कोरोना संक्रमित मरीजों की एक्टिव दर की बात की जाए तो ये अभी 4.23त्न है। भारत में अभी तक कुल 2 करोड़ 90 लाख 89 हजार 69 कोरोना मामले सामने आ चुके हैं। देश में कोरोना से मरने वालों का आंकड़ा 3,53,528 हो चुका है। भारत की कोरोना मृत्यु दर फिलहाल 1.22 फीसदी है।

### भोपाल में बिना वैक्सीन लगे युवक को मिला वैक्सीन सर्टिफिकेट

भोपाल के गांधीनगर के एक निवासी का आरोप है कि उसके बेटे को बिना वैक्सीन लगे वैक्सीन सर्टिफिकेट मिल गई। उसने बताया कि 27 मई को बेटे और पत्नी का स्लॉट बुक किया था जो 28 को मिला। बेटे का इलाज चल रहा है इसलिए मैं उसे नहीं ले गया। बेटे का भी सर्टिफिकेट आ गया। वहीं मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि इसकी जांच होगी और उसके बाद ही कुछ कहा जा सकता है। अगर किसी ने कुछ गलत किया होगा तो उसे सजा मिलेगी।

## महू में सेना की फायरिंग रेंज में गोली लगने से युवक की मौत



**महू।** सेना की हेमा फायरिंग रेंज में एक युवक की गोली लगने से मौत हो गई। युवक अपने साथियों के साथ बम की खोल बीनने गया था जो घटना के बाद उसे अकेला छोड़कर भाग गए। पीथमपुर रोड स्थित सेना की हेमा फायरिंग रेंज में मंगलवार दोपहर गायकवाड़ निवासी 24 वर्षीय बंटी पुत्र राजेंद्र वर्मा की गोली लगने से मौत हो गई। रात साढ़े आठ बजे उसका शव पोस्टमार्टम के लिए शासकीय मध्यभारत अस्पताल लाया गया। मृतक के भाई राहुल वर्मा ने बताया कि बंटी को उसके दो साथी हमेशा की तरह मंगलवार को भी प्रतिबंधित फायरिंग क्षेत्र में बम की खोल बिनने ले गए थे, लेकिन उस समय सेना का अभ्यास चल रहा था। लेकिन गोली लगने के बाद उसके साथ घर पर सूचना देने या उसे अस्पताल ले जाने के बजाय उसे घायल अवस्था में ही छोड़कर भाग गए। उसके शरीर पर खून रोकने के लिए जो शर्ट बांधी थी, वह उसके साथी की है। गोली मृतक के कमर के एक ओर से लगी जो चीरते हुए दूसरी ओर निकल गई। किशनगंज पुलिस ने देर रात को मर्ग कायम कर लिया है।

## चीन के बाद अमेरिका में हंता वायरस का खतरा



**वाशिंगटन।** कोरोना महामारी के बीच अब अमेरिका के मिशिगन में हंता वायरस का खतरा मंडराने लगा है। मिशिगन में एक महिला के हंता वायरस से संक्रमित होने की आशंका जताई गई है। इस महिला को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घर की सफाई के दौरान यह महिला चूहों के संपर्क में आई थी। इसके बाद उसकी तबियत खराब हुई। महिला को फेफड़ों में दिक?कत के बाद उसे गंभीर हालत में अस?पताल में भर्ती कराया गया है। अमेरिका में जनवरी 2017 तक हंता वायरस के 728 मामले सामने आए थे। अमेरिकी अधिकारी 1993 से इस वायरस पर नजर बनाए हुए हैं।अभी तक किए गए शोध के अनुसार हंता वायरस हवा के जरिए नहीं फैलता और ना ही एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में जाता है। लेकिन चूहे और गिलहरी के संपर्क में आने से किसी भी इंसान के अंदर हंता वायरस आ सकता है। इस वायरस के इन्फेक्शन के कारण इंसान की मौत भी हो सकती है। अमेरिका से पहले चीन के युन्नान में हंता वायरस के कारण एक व्यक्ति की मौत हो हुई थी।

### क्या हैं हंता वायरस के लक्षण

सेंटर फॉर डिसीज कंट्रोल और प्रेवेंशन के अनुसार हंता वायरस की पहचान करना आसान है। जब कोई इंसान हंता वायरस से संक्रमित होता है तब उसे 101 डिग्री के ऊपर बुखार होता है। उसकी मांसपेशियों में दर्द रहता है और उसे सिर दर्द भी महसूस होता है। इसके अलावा हंता वायरस से संक्रमित व्यक्ति को उल्टी और पेट दर्द की समस्या भी हो सकती है। इसके साथ ही त्वचा पर लाल दाने भी उभरने लगते हैं।

## आज ममता बैनर्जी से मुलाकात करेंगे टिकैत

**कोलकाता।** भारतीय किसान यूनियन के नेता राकेश टिकैत आज पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से कोलकाता में मुलाकात करेंगे। सूत्रों के मुताबिक दोनों नेताओं के बीच केंद्र के कृषि कानूनों के खिलाफ किसान आंदोलन को तेज करने और सरकार को घेरने की रणनीति पर चर्चा होगी। मुलाकात से पहले किसान नेता राकेश टिकैत ने मीडिया से कहा कि आज वो तीन बजे मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से मुलाकात करेंगे। इस दौरान उनकी बात कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा और स्थानीय किसानों के मुद्दे पर होगी।

## पहली बारिश में ही थम गई मुंबई की रफ्तार, कई जगह लगा जाम




**मुंबई।** मानसून ने महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में आज यानी बुधवार को अपनी दस्तक दी है। मानसून की पहली बारिश में ही मुंबई का बेहाल हो गया। सड़कों के जलमग्न होने से भारी ट्रैफिक लग गया। वहीं पटरियों पर पानी भरने के चलते कई ट्रेनें लेट चल रही हैं तो कई के पहिए थम गए। भारत विज्ञान मौसम विभाग (आईएमडी) के मुताबिक आने वाले 48 घंटे तक मुंबई में इसी तरह से तेज बारिश होती रहेगी। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक, मुंबई में 11.43 बजे हाई टाइड के आने की आशंका है। इस दौरान समुद्र की लहरें 4.16 मीटर की ऊंचाई तक पहुंच सकती हैं। ऐसे में एहतियातन समुद्र के किनारे के इलाकों को खाली करवा लिया गया है। साथ ही कई टीमें नजर बनाए हुए हैं। आईएमडी मुंबई के उप महानिदेशक डॉ जयंत सरकार ने बताया कि महाराष्ट्र में इस बार समय से एक दिन पहले मानसून ने दस्तक दे दी है।

## एकतरफा मोहब्बत में दो बच्चों के पिता ने युवती पर फेंका तेजाब



**रीवा।** मध्यप्रदेश के रीवा जिले में एकतरफा मोहब्बत में एक सिरफिरे आशिक ने खौफनाक वारदात को अंजाम दे दिया। उसने अपने घर में सो रही युवती पर तेजाब फेंक दिया, जिससे पीड़िता और दो नाबालिग झुलस गईं। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गया। हालांकि, जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने महज दो घंटे बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। वहीं, पीड़ित युवती और दोनों नाबालिगों को संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।जानकारी के मुताबिक, यह घटना जनेह थाना क्षेत्र में हुई। पनासी निवासी उमाशंकर दो बच्चों का पिता है और इलाके में रहने वाली एक युवती से एकतरफा मोहब्बत करता था। उसने युवती के सामने कई बार अपना प्रेम प्रस्ताव रखा, जिसे उसने ठुकरा दिया।

## जितिन प्रसाद ने थामा भाजपा का दामन



**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले लंबे वक्त से अंदरुनी कलह झेल रही कांग्रेस पार्टी को एक और बड़ा झटका लगा है। कांग्रेस के दिग्गज नेता जितिन प्रसाद ने कांग्रेस छोड़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का दामन थाम लिया है। जितिन प्रसाद के भाजपा में शामिल होने को पार्टी के मिशन यूपी 2022 की शुरुआत के तौर पर देखा जा रहा है। कई लोगों का मानना है कि जितिन प्रसाद ब्राह्मण नेता हैं और उनको पाले में लाकर भाजपा ब्राह्मणों में संदेश देना चाहती है कि पार्टी उनके साथ है।

### राहुल के करीब नेताओं में शुमार

जितिन प्रसाद धौरहरा लोकसभा सीट से सांसद रह चुके हैं। इसके अलावा यूपी सरकार में उनके पास मानव संसाधन विकास राज्य मंत्री की जिम्मेदारी थी। जितिन प्रसाद का नाम उन युवा नेताओं में शुमार रहा है, जो राहुल गांधी के करीबी हैं। इससे पहले राहुल के ही सबसे करीबी ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भाजपा का दामन थाम लिया था। इसके बाद भाजपा ने सिंधिया को राज्यसभा भेजा था।

### पायलट फिर नाराज, पर भाजपा को सबक

राजस्थान की राजनीति में बगावत की सुगबुगाहट काफी समय से चल रही है। इस बीच सचिन पायलट ने एक बार फिर अपनी नाराजगी जाहिर की। भाजपा ने इस मुद्दे को भुनाने की कोशिश की और कांग्रेस को घेरने का प्रयास किया। ऐसे में पायलट कांग्रेस के समर्थन में उतर आए और पलटवार करते हुए भाजपा को करारा सबक सिखा दिया।

# एक माह में टूटा 9 बच्चों का रिकार्ड, महिला ने दिया एक साथ 10 बच्चों को जन्म



**चीरिटोरिया (दक्षिण अफ्रीका) एजेंसी।** दक्षिण अफ्रीका के नौ में से एक प्रांत गोटेंग की एक महिला ने दस बच्चों को एक साथ जन्म देकर विश्व रिकॉर्ड बनाया है। अब तक ये रिकॉर्ड माली की हलीमा सिसे के नाम था जिसने पिछले माह माह नौ बच्चों को एक साथ जन्म दिया था। एक साथ सबसे अधिक बच्चों को जन्म देने वाली महिला का नाम गोसेम थमारा सिथोले है। 37 वर्षीय सिथोले ने इन बच्चों को प्रिटोरिया के अस्पताल में जन्म दिया है। सिथोले ने सात लड़कों और तीन लड़कियों को जन्म दिया है। सिथोले का कहना है कि उसने किसी भी तरह का फर्टिलिटी ट्रीटमेंट नहीं लिया था। प्रिटोरिया का कहना है कि 29 सप्ताह के गर्भ के बाद उसने इन बच्चों को जन्म दिया है। आईओएल न्यूज ने इसको अपने वेरिफाइड अकाउंट से ट्वीट भी किया है। सिथोले के पति ने प्रिटोरिया न्यूज को बताया कि वो इसको लेकर काफी भावुक है और बेहद खुश भी है। खुशी के मारे वो कुछ कह नहीं पा रहा है। टेंबिसा के अपने घर पर कि वो अपनी प्रेग्नेंसी को लेकर काफी हैरान था। हालांकि, उसने ये कहा कि कुछ रीति-रिवाजों को निभाने की वजह से उसने इस खबर को बाद में उजागर किया था। उसने बताया कि डॉक्टरों ने इससे पूर्व सिथोले की जांच के दौरान इस बात की संभावना जताई थी कि वो एक साथ छह बच्चों को जन्म दे सकती है, लेकिन उसके बाद हुए स्कैन में कुछ और ही दिखाई दिया। सिथोले ने बताया कि वो भी अपनी प्रेग्नेंसी को लेकर शुरुआत में काफी हैरान और परेशान थी। शुरुआती दिनों में ये कााफी मुश्किल भी था। वो कफी कमजोर महसूस करती थी। उसके लिए सबकुछ काफी मुश्किल हो रहा था। उसने बताया कि शुरुआती दिनों में वो इसको लेकर जहां परेशान थी, वहीं बाद में वो इसकी आदी हो गई थी। बाद में उसको कोई दर्द भी नहीं होता था, लेकिन ये काफी मुश्किल जरूर था। उसने बताया कि वो भगवान से दुआ मांगती थी कि बच्चों के जन्म के समय वो उसकी मदद करे और उसके बच्चों को सही-सलामत रखे। उसने बताया कि वो अब काफी खुश है। एक रिटेल स्टोर मैनेजर ने बताया कि जब सिथोले को दस बच्चों के बारे में पहली बार पता चला था तो वो इसको लेकर काफी परेशान थी। लेकिन उसने उसे समझाया कि परेशान होने की जरूरत नहीं है। यदि उसके ज्यादा बच्चे हुए तो भी वो दो या तीन ही होंगे, इसे अधिक नहीं। उसने बताया कि शुरुआत में उसने डॉक्टरों के कहे का भी विश्वास नहीं किया था।



# काली पट्टी बांधकर आज से नर्सों का विरोध

## सप्ताह-अपनी मांगों को लेकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मरीजों के बीच देंगी सेवाएं



**जबलपुर,यशभारत।** अब मेडिकल अस्पताल में नर्सों की हड़ताल का आगाज भी आज से हो गया है। आज हालांकि नर्सेज काली पट्टी बांधकर विरोध जता रही हैं। जो खबरें मिल रहे हैं उसके अनुसार 10 जून से संपूर्ण मप्र में हड़ताल शुरू हो सकती है। अपनी 8 सूत्रीय मांगों को लेकरनर्सेज ने हड़ताल को चरणबद्ध तरीके से चलाने की बात कही है। वही सरकार को चेतावनी दी गई थी कि 24 जून तक यदि मांगें नहीं मानी तो काम बंद कर दिया जाएगा । मेडिकल कॉलेज अस्पताल की नर्सों द्वारा बुधवार से विरोध सप्ताह का शंखनाद किया गया पहले दिन वे काली पट्टी बाँधकर मरीजों की सेवा मु जुटीं हैं। इस संबंध में नर्सेस एसोसिएशन की अध्यक्ष हर्षा सोलंकी ने बताया कि बीते 12 मई को प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों की नर्सेस द्वारा अपनी लंबित माँगों को लेकर मुख्यमंत्री से पत्र व्यवहार किया गया था।लेकिन इसके बावजूद अभी तक उनकी समस्याओं को दूर करने कोई प्रयास नहीं किए गए और इसीलिए यह विरोध किया जा रहा है। इस दौरान शासन से कोरोना काल में मृत हुई नर्सेस के परिजनों को अनुकंपा नियुक्ति देने एवं राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित करने, कोरोना संक्रमण के दौरान अस्थायी रूप से नियुक्त नर्सेस को नियमित करने और म. प्र. में कार्यरत नर्सेस को एक ही विभाग में समान कार्य के लिए एक समान वेतनमान देने सहित पदोन्नति जैसी माँगों को भी पूरा करने ध्यान आकृष्ट कराया जाएगा। इस दौरान विरोध सप्ताह के तहत 11 जून को पीपीई किट पहनकर प्रदर्शन, 12 को मानव श्रृंखला बनाने एवं 14 जून को सांकेतिक धरना-प्रदर्शन का निर्णय भी नर्सेस द्वारा लिया गया है।। **फोटोः बबलू**

## गाजर घास काटने की मुहिम , नालों की सफाई दूसरे दिन भी





# अवकाश फिर भी चल रहा काम

### निगमायुक्त स्वयं कर रहे निगरानी

**जबलपुर।** आज बुधवार शासकीय अवकाश के दिन भी नगर निगम स्वास्थ्य विभाग का अमला मैदान में उतरकर सफाई अभियान को जमीन पर सार्थक करने में जुटा रहा। गौरतलब है कि मानसून के आगमन को लेकर आम नागरिकों को जलप्लावन की समस्या से राहत प्रदान करने निगमायुक्त श्री संदीप जी आर के द्वारा शहर के सभी ब? छोटे नाला नालियों एवं कंजर्वेन्सियों की सफाई अभियान के तौर पर करवाई जा रही है। इसके लिए निगमायुक्त श्री जी आर ने अलग नाला गेंग की व्यवस्था की है, जिसके द्वारा यह कार्य किया जा रहा है। इस अभियान की लोग प्रशंसा भी कर रहे हैं। निगमायुक्त श्री संदीप जी आर ने नाला नालियों की सफाई अभियान की तरह अब दूसरा अभियान शहर के मुख्य मार्गों से गाजर घास की कटाई सफाई का अभियान प्रारंभ किया है जिसका आज दूसरा दिन है। यह अभियान एक दिन पहले यानी मंगलवार के दिन से शुरू कराई गई और आज दूसरे दिन बुधवार को इस अभियान ने गति पक? लिया। एक दिन पहले दो संभागों क्रमशः संभाग 3 और 4 में अभियान चला वहीं आज यह मुहिम संभाग क्रमांक 7 अधारताल, 8,भानतलैया, 9 लालमाटी, और 11 सिविल लाइन में चलाई गई। निगमायुक्त ने इस अभियान को पारदर्शिता के साथ संचालित करने के लिए पहले की स्थिति और सफाई के बाद के स्थिति के फोटो भी ग्रुप में शेयर करने के निर्देश दिए हैं। निगमायुक्त जी आर के उक्त निर्देशों के परिपालन में सभी मुख्य स्वच्छता निरीक्षक इस अभियान को सफल बनाने में जीतोड़ मेहनत कर रहे हैं।



## सेंट जॉन्स लूथरन स्कूल में वृहद वृक्षारोपण



**जबलपुर।** सेंट जॉन्स लूथरन स्कूल द्वारा छात्रों सहित शिक्षकों ने एक-एक वृहद वृक्ष रोपे गए। स्कूल की प्रिंसिपल अनीता दिलराज ने छात्रों को कोरोना संक्रमण से बचने के लिए जनसंदेश दियाऔर मास्क सैनिटाइजर का वितरण भी किया। सभी छात्रों ने हर्षोल्लास सहित वृक्षारोपण किया। सहयोगी शिक्षक श्वेता इब्राहिम ने बताया कि सभी घर पर रहे सुरक्षित रहें सभी अपने घर में भी एक पौधे का अवश्य रोपण करें। साथ ही साथ राष्ट्रीय लेखक शशांक ने यशभारत समाचार से जुड़ने के लिए प्रेरित किया और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के आदेशानुसार कोई भी घर या बिल्डिंग बनाए उसके आगे एक पौधा लगाना अनिवार्य हो गया है संक्षिप्त विवरण को समझाया । वृक्षारोपण कार्यक्रम में स्कूल प्रिंसिपल अनीता दिलराज,श्वेता इब्राहिम, शशांक बर्मन, सोहिल वंशकार,नीरज चौधरी,रौशन कुशवाहा, वंशिका मिश्रा, आर्यन राजपूत,अमन चौधरी, अनमोल दाहिया आदि छात्र उपस्थित थे।

# 2 शनि जयंती के उपलक्ष्य में तिलवारा में दिवसीय अनुष्ठान

## वट वृक्ष की परिक्रमा कर मांगी पति की दीर्घायु की कामना

**जबलपुर। वट सावित्री व्रत एवं शनि जयंती पर आज पूजन-अर्चन किया जाएगा। शनि जयंती के उपलक्ष्य में शनि देव के अभिषेक पूजन से दो दिवसीय अनुष्ठान शुरू हो गए हैं। पं. वासुदेव शास्त्री ने बताया कि वट सावित्री व्रत पर आज सौभाग्यवती स्त्रियों ने वट वृक्ष की जड़ में जल डालने के बाद उसके तने पर कच्चा धागा लपेटकर पूजा की व उसकी परिक्रमा की।**

शास्त्रों में इस बात का उल्लेख है कि वट सावित्री व्रत के दिन जो महिलाएँ वट वृक्ष की परिक्रमा करती हैं। उन्हें सुख व सौभाग्य की प्राप्ति होती है। इसी दिन सावित्री ने पति सत्यवान के लिए व्रत उपासना करके जीवन की रक्षा की थी। वट सावित्री अमावस्या सुहागिनों के लिए खास दिन होता है। इसी दिन सावित्री ने इसी पूजा से यमदेव को प्रसन्न कर पति सत्यवान के प्राणों की रक्षा की थी।



### सर्वार्थ सिद्धि योग में आज दोपहर शुरू हुई अमावस्या

बुधवार को दोपहर 1.24 बजे सर्वार्थ सिद्धि योग में अमावस्या हुई होगी, जो अगले दिन दोपहर तक रहेगी। इसी तरह चंद्रमा उच्च राशि में और रोहिणी नक्षत्र रहने के साथ ही बुधादित्य योग भी सुख-समृद्धि प्रदान करने वाले होंगे। यह योग उन्हें ही फलदायक रहेंगे, जो बजरंगबली, शिव व शनि की आराधना और पीपल देव को जल चढ़ाएंगे। ज्येष्ठ माह में कई अन्य पर्व और शुभ संयोग भी है, जिनमें की गई आराधना शुभ फलदायी व समृद्धिकारक रहेगी।

### शनिधाम में शनि देव का अभिषेक,

माँ नर्मदा तट तिलवाराघाट स्थित शनिधाम में शनि जयंती पर दो दिवसीय वैदिक अनुष्ठान शुरू हुए। शनिधाम के पं. सतीश महाराज ने बताया कि बुधवार को सुबह 5:30 बजे नवग्रह पूजन, शिव अभिषेक, राम दरबार पूजन, शनि देव का तेल अभिषेक कर अखण्ड रामायण पाठ शुरू हुआ। इस दौरानशनि देव का अभिषेक, श्रृंगार कर व 56 भोग अर्पित कर महाआरती की जाएगी। 10 जून को शनि जयंती के त्रिशंकु योग पर महामारी नाश के लिए विशेष अनुष्ठान सुबह 5:30 किया जाएगा। महाअभिषेक 2:00 बजे किया जाएगा। अखण्ड रामायण पाठ विराम, नवग्रह शांति हवन अपराह्न 4:30 एवं विशेष शनि देव अभिषेक सायं 7:30 बजे किया जाएगा एवं महाआरती की जाएगी। साथ ही शनिदेव को 56 भोग अर्पित किया जाएगा। इस अवसर पर भक्तों से कोविड नियमों के अनुसार पूजन-अर्चन करने की अपील संजय तिवारी, अनिल मिश्रा, नितिन भाटिया, शुभम महाराज आदि ने की है।



## अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

### महाप्रबंधक ने निर्माण कार्यों का लिया जायजा

**जबलपुर यश भारत।** पश्चिम मध्य रेल के महाप्रबंधक शैलेन्द्र कुमार सिंह ने मुख्यालय के प्रमुख विभागाध्यक्षों के साथ जबलपुर-बीना रेल खण्ड का विंडो (खिड़की) निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने इस रेलखंड पर स्थित स्टेशनों, रेल पुलों, रेल पथ, ओएचई एवं सिग्नल प्रणाली का सघन निरीक्षण किया। कटनी-बीना तीसरी लाइन का निरीक्षण किया तथा इस खंड पर माल गाड़ियों की गति बढ़ाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। कटनी मड़वारा स्टेशन के नजदीक बन रहे रोड ओवर ब्रिज का जायजा लेकर शेष कार्य को शीघ्र ही पूरा करने आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। सागर स्टेशन के माल गोदाम को लिधौराखुर्द स्टेशन पर स्थान्तरित करने के लिए तत्सम्बधित कार्यो को शीघ्र करने के भी आदेश दिये। मण्डल रेल प्रबंधक भोपाल एवं अन्य अधिकारियों के साथ बीना में निर्माणाधीन मेमू शेड का सघन निरीक्षण किया, और निर्माण किये जा रहे कार्यों का जायजा लिया। अधिकारियों से चर्चा के दौरान निर्माण में शेष कार्यो को शीघ्र पूरा करने के आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। उल्लेखनीय है कि बीना मेमू शेड का निर्माण लगभग रुपये 139 करोड़ की लागत से तीव्र गति से किया जा रहा है। जिसका शीघ्र पूरा होने का अनुमान है। इस शेड को चालू होने से पश्चिम मध्य रेल को आवंटित मेमू ट्रेन के आठ रेकों का अनुरक्षण बीना मेमू शेड में किया जा सकेगा।

### अपर आयुक्त की अचानक दबिश

## 58 कर्मचारी ' अनुपस्थित

**जबलपुर।** शासन के द्वारा जारी दिशा निर्देशों के तहत् सभी कार्यालयों में अधिकारियों की शत्प्रतिशत और कर्मचारियों की उपस्थित 50 प्रतिशत अनिवार्य किया गया है। जिसके परिपालन करने निगमायुक्त संदीप जी.आर. के द्वारा सभी विभागीय प्रमुखों को आदेशित किये गए हैं। निगमायुक्त संदीप जी.आर. ने अपर आयुक्त परमेश जलोटे को निर्देशित किया कि सुबह 10:30 बजे कार्यालयों का निरीक्षण कर कर्मचारियों की उपस्थिति चेक करें। जिसके तारतम्य में अपर आयुक्त श्री जलोटे ने भवन शाखा, राजस्व विभाग, बाजार विभाग, होर्डिंग्स शाखा, जल विभाग, लोकसूचना कार्यालय एवं लोककर्म अंकपाल शाखा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपरोक्त सभी विभागों को मिलाकर 58 कर्मचारी 10:30 बजे अनुपस्थित पाए गये, जिन्हें स्पष्टीकरण जारी किया गया है। स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं पाए जाने पर अनुपस्थित 58 कर्मचारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। निगमायुक्त जी.आर. ने सभी विभागीय प्रमुखों को भी निर्देशित किया है कि अपने अपने स्तर पर नियमानुसार कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराएँ। निरीक्षण के मौके पर कार्यालय अधीक्षक श्री दिलीप दुबे भी उपस्थित रहे।

### विद्यार्थियों में स्किल का विकास करने के लिए

# सीबीएसई नए सत्र से बच्चों को टेक्नो फ्रेंडली बनाएगा

**जबलपुर।** सेंट्रल बोर्ड आफ सेकेंडरी एजुकेशन सीबीएसई ने विद्यालय स्तर पर ही विद्यार्थियों में स्किल का विकास करने के लिए नए सत्र से कक्षा 6वी से 12वी से ही बच्चों को टेक्नो फ्रेंडली बनाएगा। जारी सर्कूलर के अनुसार नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत बच्चों को कोडिंग सिखाया जाएगा। नए सत्र से बच्चों को कोडिंग और डेटा साइंस के कोर्स की शुरू करने जा रहा है। माइक्रोसॉफ्ट की मदद से सीबीएसई बच्चों को नए जमाने के कौशल सिखा कर सशक्त बनाने के लिए कक्षा छह से ही कोडिंग कक्षा की शुरूआत होगी। ऐसे में यह पहल बच्चों के करियर के लिए काफी उपयोगी सिद्ध होगा

साथ ही विद्यार्थियों को अपग्रेड एजुकेशन देने के लिए स्किल्स कोर्स की हैंडबुक तैयार की है। भविष्य को देखते हुए इस पॉलिसी को डिजाइन किया गया है। इसलिए अब 6वीं से



12वी कक्षा तक विद्यार्थी विभिन्न क्षेत्र में स्वंय के अनुसार स्किल्स में पकड़ कर सकेंगे। अब कॉलेज में जाने से पहले ही उसे बेसिक्स जानकारी होगी। विदेशों की बात करें तो उनके बच्चों को स्कूल में ही ज्यादा से ज्यादा स्किल्स की नॉलेज होती है।

### कंप्यूटर की भाषा से होंगे अवगत

कंप्यूटर को अभी तक विद्यार्थी बाहर से ही जानता हैं लेकिन अब इसकी भाषा यानि कोडिंग को समझ सकेगा। कोडिंग को प्रोग्रामिंग भी कहते हैं इसका इस्तेमाल करके ही गेम,वेबसाइट या एप तैयार किया जा सकता है। इसका भविष्य में काफी उपयोग होने वाला क्योंकि ज्यादा से ज्यादा कार्य शैली डिजिटल प्लेटफॉर्म पर ही निर्धारित हो चुकी है। इसलिए बच्चों को स्कूल से ही सिखाया जाएगा। - कक्षा 9वी और 10वी में विद्यार्थियों को फाइनेंस और इंजीनियरिंग क्षेत्र में कर सकेंगे सिकल्स कोर्से।



## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का सेवाकार्य

**जबलपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ दुर्गावती नगर के द्वारा एवं सेवा भारती के तत्वावधान में सेवा का कार्य किया जा रहा है जिसमें कल छुईखदान इमली घाट मंदिर सेवा कार्य किया गया जिसमें दुर्गावती नगर कार्यवाह बलराम पांडे आयुष शुक्ला प्रवीण लखेरा संजय पटेल नवीन वैश्य अतुल चौरसिया उपस्थित रहे।

## जैन धर्म की उपयोगिता पर भाषण प्रतियोगिता



**जबलपुर,** । संस्कार यूथ फाउंडेशन एवं जैन शिक्षक परिवार के संयुक्त तत्वावधान में श्रुत पंचमी पखवाड़ा पर चल रहे 15 दिवसीय संस्कार शिक्षण शिविर में 8 जून को ज्ञानवर्धक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आशीष जैन लालू अध्यक्ष श्री चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर संगम कॉलोनी रहे। निर्णायक मंडल पंडित हरीश चंद जैन शास्त्री मुरैना, डॉ. समता जैन जबलपुर रही प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन के लिए खूबचंद जैन, चमेली जैन, नीरज जैन, प्रतिभा जैन, पावनी, कुशल जैन ने पुरस्कार प्रदान किया। बच्चों को किया गया पुरस्कृत - भाषण प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि आशीष जैन ने बताया की वर्तमान संक्रमण के काल में जैन धर्म के सिद्धांतों के द्वारा कोरोना वायरस पर आसानी से विजय प्राप्त की जा सकती है। भाषण प्रतियोगिता में संस्कार फाउंडेशन के अध्यक्ष मुकेश जैन शास्त्री, महामंत्री विजय जैन शास्त्री, निदेशक आशीष जैन आचार्य, सोनल जैन शास्त्री दिल्ली, राजेश जैन शास्त्री ललितपुर, पंडित अरुण कुमार जैन जबलपुर, पंडित शास्त्री सीकर, पंडित आशीष बमोरी, पंडित लोकेश शास्त्री, बांसवाड़ा एवं जैन शिक्षक परिवार की ओर से सुनील कुमार जैन अध्यक्ष, उपाध्यक्ष मनीष कुमार जैन, महामंत्री सुरेंद्र कुमार जैन, नीतू जैन, शशि जैन, नमिता जैन आदि की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंत में गत दिवस संपन्न हुई भजन प्रतियोगिता के पुरस्कार भी वितरित किए गए। संस्कार शिक्षण शिविर के संयोजक पंडित अरुण कुमार जैन ने बताया कि इस शिविर की धार्मिक कक्षाओं में बच्चों को धार्मिक संस्कार दिए जा रहे हैं। प्रतिदिन एक प्रतियोगिता कराई जाती है जिसमें देश-विदेश के हजारों लोग भाग लेते हैं। यह वर्चुअल जूम ऐप के माध्यम से आनलाइन सारे कार्यक्रम संपन्न किए जा रहे हैं।

# निजी स्कूलों में बच्चों को प्रवेश दिलाना है तो कल से करें आवेदन

## अंतिम तिथि 30 जून तक, ऑनलाइन प्रवेश के लिये लाटरी 6 जुलाई 2021 को

**जबलपुर, यशभारत। शिक्षा का अधिकार कानून के तहत, सत्र 2021-22 में प्रायवेट स्कूलों की प्रथम कक्षा में निःशुल्क प्रवेश के लिये ऑनलाइन आवेदन 10 जून 2021 से किए जा सकेंगे। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 30 जून 2021 निर्धारित की गई है। इस संबंध में आर.टी.ई पोर्टल पर 222 .educationportal. mp.gov.in/Rte ऑनलाइन आवेदन-पत्र का प्रारूप उपलब्ध कराया गया है।**

पात्रतानुसार निजी विद्यालय में निःशुल्क प्रवेश के लिए आवेदकों का चयन, ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से 6 जुलाई 2021 को किया जायेगा। इस वर्ष की निःशुल्क प्रवेश प्रक्रिया में कोविड-19 से माता-पिता या अभिभावक की मृत्यु के कारण अनाथ हुए बच्चों को ऑनलाइन लॉटरी में प्राथमिकता दी जायेगी। संचालक, राज्य शिक्षा केन्द्र धनराजू एस ने इस संबंध में समय-सारणी जारी करते हुए सभी जिला कलेक्टर्स एवं अन्य अधिकारियों को विस्तृत निर्देश दिये हैं। निर्देश और समय-सारणी आर.टी.ई पोर्टल पर भी उपलब्ध हैं।अभिभावक कल्याण संघ मध्य प्रदेश जिला जबलपुर शाखा हेमंत पटेल प्रदेश उपाध्यक्ष, अमित चक्रवर्ती जिला उपाध्यक्ष, जय चौकसे जिला सचिव ने बताया कि समय-सारणी के अनुसार, वंचित समूह एवं कमजोर वर्ग के आवेदक अपना आवेदन ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से 10 से 30 जून 2021 तक जमा कर पंजीयन कर सकते हैं।

## स्कूल शिक्षा विभाग की गाइड लाइन जारी

फार्म के साथ पात्रता संबंधित कोई भी एक दस्तावेज अपलोड किया जाना होगा। ऑनलाइन आवेदन के बाद आवेदकों को इसी अवधि में दस्तावेजों का सत्यापन संबंधित संकुल केन्द्र वाले स्कूल में अधिकृत सत्यापनकर्ता अधिकारी से करवाना होगा। आवेदक ने आर.टी.ई. में निःशुल्क प्रवेश के लिये जिस केटेगरी या निवास क्षेत्र के माध्यम से प्रवेश चाहा है, उस केटेगरी और निवास प्रमाण का सत्यापन, संबंधित मूल प्रमाण-पत्र से किया जायेगा। लाटरी के पूर्व ही दस्तावेज सत्यापन हो जाने से आवेदकों को स्कूल आवंटित होने के बाद दस्तावेजों की त्रुटि या अभाव में, एडमिशन निरस्त होने की समस्या उत्पन्न नहीं होगी।

ऑनलाइन आवेदन करने में कोई समस्या या कठिनाई होने की स्थिति में संबधित विकासखंड के बीआरसी कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है। एन.आई.सी. द्वारा 6 जुलाई 2021 को पारदर्शी तरीके से ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से छात्रों को निजी स्कूलों में सीट का आवंटन किया जायेगा। लॉटरी प्रक्रिया के बाद आवंटित सीट की जानकारी आवेदक को उसके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एसएमएस के माध्यम से दी जायेगी। ऑनलाइन लॉटरी की सूची आर.टी.ई. पोर्टल पर भी उपलब्ध रहेगी। साथ ही स्कूल आवंटन की जानकारी बीआरसीसी कार्यालय के सूचना पटल पर भी दर्शित की जायेगी। किसी आवेदक को आवेदन प्रारुप प्राप्त करने अथवा जमा करने में कोई दिक्कत हो या उन स्कूलों की जानकारी चाहिए हों, जहाँ सीटें खाली हैं, तो आर.टी.ई. पोर्टल, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, सर्व शिक्षा अभियान के जिला परियोजना कार्यालय अथवा विकासखण्ड स्त्रोत केन्द्र कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

नर्सरी, के.जी.-1 और के.जी-2 कक्षाओं में प्रवेश के लिये न्यूनतम आयु 3 से 5 वर्ष और कक्षा-1 मे प्रवेश के लिये न्यूनतम आयु 5 वर्ष से अधिकतम 7 वर्ष तक निर्धारित की गयी है। आयु के संबंध में मूल प्रति से मिलान न करने की स्थिति में अथवा मूल प्रति प्रस्तुत न करने की स्थिति में आवेदक को अपात्र माना जायेगा।सत्र 2021-22 में प्रवेश के लिये आवेदक की आयु की गणना 16 जून 2021 की स्थिति में की जायेगी। आवेदक द्वारा जन्म प्रमाण-पत्र में अंकित तिथि ही ऑनलाइन आवेदन में दर्ज की जाये।

### सत्र 2020-21 की रिक्त सीटों पर निःशुल्क प्रवेश के लिये जानकारी

कोविड-19 के कारण शिक्षा का अधिकार अधिनियम के प्रावधान के तहत सत्र 2020-21 के प्रवेश नही हो पाये थे, परन्तु आरटीई प्रावधान के तहत जो बच्चे आयु अनुरूप सत्र 2020-21 के लिये पात्र थे, उन पात्र बच्चों को इस योजना का लाभ हो सके, इसे ध्यान में रखते हुए जिन आवेदकों द्वारा सत्र 2020-21 के लिये आवेदन किये जायेंगे, उनकी आयु की गणना 16 जून 2020 की स्थिति से की जायेगी।
सत्र 2020-21 के लिए आवेदन करने की स्थिति में आवेदक/अभिभावक के लिये यह स्पष्ट किया गया है कि उक्त सत्र में बच्चे को आवटित कक्षा नोशनल (ठड्म३ड्मल्लं') होगी। यानी प्रवेशित बच्चा, वास्तविक



सूपाताल स्थित बिजली कार्यालय में शिकायत लेकर पहुंचे लोग

# बिजली विभाग की मनमानी से लुट रहे उपभोक्ता

**जबलपुर।** कोरोना काल में रीडिंग नहीं होने और फिर एकमुश्त रीडिंग लेने से बीते कुछ माह में प्रदेशभर से बिजली उपभोक्ताओं की यह शिकायत आम है कि बिल बहुत अधिक राशि के आ रहे हैं। बिजली कंपनियों के अधिकारी सुधार और तकनीकी खामियों का हवाला देते हुए कर्मठता से काम करने की दलील देते हैं, लेकिन हकीकत यह है कि कंपनी की लापरवाही के कारण उपभोक्ता लुट रहे हैं। दो से तीन माह की रीडिंग का बिल एकसाथ जारी होने से बिजली खपत की यूनिट का टैरिफ बदल जाता है और कम टैरिफ की खपत भी अधिक राशि की हो जाती है। यानी जिस उपभोक्ता ने प्रतिमाह 200 यूनिट बिजली का उपभोग किया तो तीसरी महीने का बिल 600 यूनिट की टैरिफ में जारी हो रहा है। बीच में अनुमानित बिल भी जमा होता रहता है, लेकिन टैरिफ बढ़ने से उपभोक्ता पर अतिरिक्त भार आ रहा है। बिजली कंपनियों के अधिकारी इस बात को जानते हुए सुधार के प्रति उत्सुक नहीं हैं, क्योंकि उनके राजस्व में बढ़ोतरी हो रही है। उपभोक्ता शिकायतें करने के बाद समाधान के लिए भटक रहे हैं। आज बड़े बिलों को लेकर अनेक लोगों ने पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के एईओ को ज्ञापन सौंपा। जिसमें बताया गया है कि जो बिल 200 के आते थे वे अब 2000 से 4000 तक आने लगे हैं।

### हर जगह अधिक राशि के बिल की शिकायतें

जबलपुर शहर में अप्रैल और मई माह में ही 1199 शिकायतें हुई हैं। वित्तीय वर्ष 2020-21 में यहां 9152 शिकायत दर्ज हुई थी। एक वर्ष में बिल को लेकर किसी कर्मचारी पर कार्रवाई नहीं हुई। पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक किरण गोपाल का कहना है कि बिल जारी करने में लापरवाही पर कार्यपालन अभियंता से लेकर कनिष्ठ अभियंता स्तर के कई अधिकारियों को नोटिस जारी किया जाता है। कंपनी के कार्यक्षेत्र में उपभोक्ता शारदा विश्वकर्मा का बिल 500 से 1000 रुपये तक आता था। जुलाई और अगस्त 2020 में एकमुश्त बिल 63106 रुपये का बिल जारी हुआ। बाद में उपभोक्ता फोरम से राहत मिली थी।

फोटो- बबलू रजक

# कोरोना गाईड लाईन का उल्लंघन पर पुलिस सख्त

## बिना वजह घूमने वालों को अस्थाई जेल

## नियम विरुद्ध दुकानें खोली तो 188 की कार्यवाहीं

**जबलपुर।** कोरोना गाईड लाईन का उल्लंघन कर बिना वजह घूम रहे लोगों को अस्थाई जेल में निरूद्ध कराया जा रहा है एवं समझाईश देने के बाद भी आदेश का उल्लंघन कर दुकान खोलने वाले दुकानदारों के विरुद्ध की गई 188 भा.द.वि. की कार्यवाही की जा रही है। मुंह पर मास्क न लगाने एवं सोशल डिस्टेंस का पालन न करने वाले व्यक्तियों पर चालानी कार्रवाई करते समन शुल्क फाइन वसूला जा रहा है। पिछले 2 माह से कोविड-19 की गाईड लाइन का कड़ाई से पालन कराने हेतु एवं कोरोना संकमण की चेन को ब्रेक करने हेतु मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार जबलपुर जिले में 12 अप्रैल से आदेशित



लॉकडाउन का कड़ाई से पालन कराने हेतु पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा के आदेशानुसार पूरे शहर एवं देहात मे 48 फिक्स प्वाईट लगाये गये एवं 36 थाना मोबाईल एवं 42 एफ.आर.व्ही. मोबाईल, तथा 36 चीता मोबाईलों के अलावा 36 अतिरिक्त मोबाईलें लगायी गयी है। जिले की समस्त दुकानें (कैमिस्ट एवं खान-पान की दुकानों को छोडकर) शाम 7 बजे तक खोली जा सकेंगी के आदेश का क ?ाई से पालन कराने हेतु शाम 6 बजे से ही शहर एवं देहात में एनाउंसमेंट करते हुये शाम 7 बजे दुकानें बंद करवाई गयी, साथ ही सोशल डिस्टेंस का पालन कराने हेतु दुकानों के सामने गोले बनवाये गये, एवं दुकानदारों को समझाईश दी गयी कि स्वयं मास्क लगायें, जो ग्राहक मास्क नहीं लगाये है उन्हें सामान नहीं दें। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा ने जबलपुर संस्कारधानी वासियों से अपील की है कि कोरोना संक्रमण से बचाव के लिये सावधानी बरतने की आवश्यकता है, कोरोना के संकमण की चेन को ब्रेक करने हेतु हर व्यक्ति का यह विशेष दायित्व है कि कोरोना प्रोटाकॉल का सख्ती से पालन करते हुये जरूरी कार्य होने पर ही घर से बाहर निकलें, बच्चों और बुजुर्गो को अनावश्यक घर से बाहर न जाने दें, जब भी घर से बाहर निकलें मास्क अनिवार्य रूप से लगाये, फिजिकल डिस्टेंस दो गज की दूरी के नियम का कडाई से पालन करें, भीड का हिस्सा न बनें, समय समय पर हाथ को साबुन पानी से धोयें एवं सैनेटाईज करें, सर्दी, खांसी, बुखार और सांस लेने में तकलीफ होने जैसे लक्षण होने पर तुरंत निकटतम फीवर क्लीनिक में जाकर जांच करायें।*

# कल से दौड़ने लगेंगी 8 जोड़ी रेल यात्री गाड़ियां

जबलपुर यश भारत। कोरोना के संक्रमण की दूसरी लहर के कारण जबलपुर रेल मंडल की बंद की गई यात्री रेल गाडियों को पुनः चलाने का रेलवे ने फैसला लिया है। जिसके तहत पश्चिम मध्य रेलवे द्वारा 8 जोड़ी यात्री गाड़ियों को आगामी 10 जून से क्रमशः चलाने का निर्णय लिया है जिसके तहत जबलपुर मंडल से चलने वाली 3 जोड़ी यात्री गाड़ियां भी शामिल है। इस संबंध में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक विश्वरंजन ने बताया कि आज पश्चिम मध्य रेलवे द्वारा 8 जोड़ी यात्री गाड़ियों को पुनः चलाने के लिए गए निर्णय के तहत जबलपुर मंडल की जबलपुर से इंदौर जाने वाली ओवरनाइट एक्सप्रेस गाड़ी नंबर 02292/91 आगामी 10 जून को जबलपुर से इटारसी,भोपाल होकर इंदौर तक चलेगी, तथा 11 जून से इंदौर से जबलपुर के बीच उक्त मार्ग से ही वापस आएगी ।इसी तरह 11 जून को लखनऊ से जबलपुर के बीच चित्रकूट एक्सप्रेस नंबर 05205/06 कानपुर, सतना, मार्ग से जबलपुर आएगी तथा 12 जून को जबलपुर से लखनऊ जाएगी ।इस तरह मंडल की उक्त दोनों बहुप्रतीक्षित गाड़ियां प्रारंभ होने जा रही है।

# कंस्ट्रक्शन 20 फीसद महंगा बुक प्रॉपर्टी पर असर नहीं

## नए प्रोजेक्ट की बढ़ेगी लागत

**जबलपुर।** कोरोना कर्फ्यू लगने का असर निर्माण कार्यों पर पड़ा है। इन दिनों मकान, भवन या अन्य निर्माण कराना 20 प्रतिशत तक महंगा हो गया है। इसका असर मकान बनवा रहे लोगों के साथ, कॉलोनाइजर, सरकारी कॉन्ट्रैक्टर्स पर भी पड़ा है। डीजल-पेट्रोल के दाम ब ?ने से कच्चा माल भी महंगा हुआ है। फैक्टरियों में लोहा कटर और सीमेंट निर्माण में ऑक्सीजन उपयोग होती है। कोरोना में ऑक्सीजन की खपत बढ़ी तो फैक्टरियों में ऑक्सीजन की सप्लाई घटी। इस कारण लोहे, सीमेंट के दाम ब ? हैं। निर्माण सामग्री महंगी होने से निजी मकान से लेकर सरकारी योजनाओं के काम प्रभावित हो रहे हैं। हालांकि कॉलोनाइजर्स को पुराने अनुबंध के आधार पर ही घर बनाकर देने हैं इसलिए उनके मुनाफे में कमी आई है। सीमेंट, रेत, गिट्टी, ईंट सहित मजदूरी भी महंगी हुई है। आने वाले समय में डेवलमेंट और नए प्रोजेक्ट्स महंगे होंगे। शासकीय निर्माण कार्य में ठेकेदार को नुकसान होने से निर्माण कार्यों की गति पर असर पड़ने की आशंका है। निर्माण सामग्रियों के दाम बढ़ने से आने वाले दिनों में होने वाले डेवलपमेंट महंगे होंगे। नए प्रोजेक्ट्स जो आएंगे उसमें महंगाई का असर रहेगा। पुराने काम जो चल रहे हैं। वह पुराने अनुबंध के आधार पर ही कर ाए जाएंगे। इसमें बिल्डर्स को मुनाफा कम होगा। महंगाई बरकरार रही तो भविष्य के डेवलपमेंट महंगे हो जाएंगे। निर्माण सामग्री के दाम बढ़ने से ठेकेदार को नुकसान होता है। हालांकि 10 करोड़ रुपए से ऊपर के प्रोजेक्ट पर लोहा और डीजल महंगे होने का वेरिएशन (नई दर का भुगतान) ठेकेदार को मिलता है, लेकिन इससे कम के काम में अनुबंध के आधार पर ही ठेकेदार को काम करना होता है। सामग्री के दाम बढ़ने से ठेकेदार को नुकसान होगा। इससे निर्माण कार्य की गति पर थोड़ा फर्क आएगा। कई भवनों का निर्माण का कार्य चल रहा है। लॉकडाउन के दौरान काम बंद रहा।

# प्री बोर्ड परीक्षाएं ली नहीं, ओएमआर शीट भरने शिक्षक पशोपेश में, तलाश रहे विकल्प

**जबलपुर। माध्यमिक शिक्षा मंडल मप्र ने शासकीय व निजी स्कूलों को 10वीं बोर्ड परीक्षा के लिए मॉडल तैयार करके भेज दिया है। अब शिक्षकों के समक्ष परेशानी यह है कि लॉक डाउन की स्थिति में सैक ?ों स्कूलों में प्री बोर्ड परीक्षाएं नहीं हो पाई हैं।**



गौरतलब है कि कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम आंतरिक मूल्यांकन, अर्धवार्षिक, प्री-बोर्ड परीक्षा और यूनिट टेस्ट के आँकड़ों के आधार पर तैयार होना है। माशिमं ने 10 जून तक समस्त आंकड़े ओएमआर शीट्स पर भेजने के निर्देश दिए हैं।

डेढ़ लाख से अधिक छात्रों का बनना है रिजल्ट जिला शिक्षाधिकारी के अनुसार जिले में 199 हाई स्कूल हैं। वहीं संभाग में शासकीय और निजी स्कूलों के डेढ़ लाख से अधिक छात्रों का बोर्ड परीक्षा के लिए नामांकन हुआ है। एमएलबी स्कूल में 100 स्कूलों ने ओएमआर शीट्स में आँकड़े भरकर जमा कराए हैं। बकाया 250 स्कूल अब भी आंकड़े तैयार कर रहे हैं।

### स्कूलों में कामकाज बढ़ा

माशिमं ने आपदा प्रबंधन और पर्यावरण के प्राप्तांक भी शीट्स में भरकर भेजने कहा है, जिससे स्कूलों का कामकाज ब ? गया है। जबलपुर जिले के सरकारी हाईस्कूलों का कहना है कि प्री-बोर्ड शुरू होने से पहले ही लॉकडाउन लग गया था, इस वजह से प्री-बोर्ड के अंकों के स्थान पर कक्षाओं में लिए गए टेस्ट को आधार बनाया जा रहा है। इससे अंक जुटाने में शिक्षकों को खासी मशक्कत करनी पड़ रही है। जिससे परीक्षा परिणाम में देरी होना तय माना जा रहा है।

# बिरसा मुण्डा का पुण्य स्मरण

**जबलपुर।** आदिवासियों के मार्गदर्शक और पथ प्रदर्शक अमर शहीद बिरसा मुण्डा की पुण्य तिथि अखिल भारतीय आदिवासी शबरी संघ एवं कांग्रेस जनों द्वारा आज मनाया गया। पूर्व मंत्री सुश्री कोशल्या गोंटिया ने बताया कि सुबह अधारताल तिराहे पर स्थित अमर शहीद बिरसा मुण्डा की प्रतिमा स्थल पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस दौरान कोविड नियमों का पालन किया गया। इस मौके पर रोशन लाल कोल, कुंजीलाल गौंटिया, भैयालाल गौंटिया, जेठूलाल,गणेश कोल जितेन्द्र गोंटिया, लक्ष्मीकांत कोल, बाबा गोटियां आदि मौजूद रहे।



# जागृति सेंटर में पौधारोपण



**जबलपुर यश भारत।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में पश्चिम मध्य रेल महिला कल्याण संगठन द्वारा जागृति सेंटर में पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर संगठन की अध्यक्ष श्रीमती अर्चना सिंह ने जागृति सेंटर पहुंचकर बच्चों को पौधारोपण के महत्व के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी, उल्लेखनीय है कि जागृति सेंटर में लगभग 30 असहाय बच्चों को पालन-पोषण व पढ़ाई-लिखाई का जिम्मेदारी महिला कल्याण संगठन कई वर्षों भलीभांति उठाए हैं। श्रीमती सिंह ने इस अवसर पर बच्चों से पौधारोपण करवाया। बच्चों से पौधारोपण कराने के उद्देश्य के महत्व को बताया। संगठन की पदाधिकारियों ने कुछ बच्चों से विश्व पर्यावरण दिवस पर बोलने के लिए प्रेरित किया। ततपश्चात बच्चों ने भी स्वतंत्रता से अपनी ओर से विचार रखते हुए कहा कि प्रत्येक पौधा यदि वृक्ष बनकर बड़ा होता है तो ये हमारे भविष्य की अमूल्य निधि होगी इसलिए हमें अधिक से अधिक पौधारोपण कर वृक्ष तैयार करना होंगे जिससे हमें भविष्य में शुद्ध जलवायु प्राप्त हो सके।

### इनकी रही विशेष उपस्थिति

इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में पश्चिम मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की सचिव श्रीमती पुष्पा सिंह, डॉ. श्रीमती निधि श्रीवास्तव एवं श्रीमती राजेश्वरी तंवर उपस्थित रहीं।

# दुकानें खोलने सौंपा ज्ञापन



**जबलपुर।** दोनों और दुकानें खोले जाने की मांग को लेकर कमला नेहरू नगर व्यापारी संघ ने उप थाना लार्डगंज यादव कॉलोनी प्रभारी को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। अध्यक्ष धनंजय बाजपेई ने बताया समस्त व्यापारी काफी दिनों से पीड़ित हैं अब व्यापारियों में असंतोष व्याप्त हो रहा है हमारा क्षेत्र मुक्त व्यापार क्षेत्र है सघन क्षेत्र नहीं है पूर्व में भी हमारे दोनों साइड की दुकाने खोलने का आदेश था मुख्य बाजार मैं हम नहीं आते हमारे छोटे छोटे व्यवसाई हैं लगातार बंद होने से आर्थिक स्थिति खराब हो रही है। कलेक्टर हमारे क्षेत्र को मुक्त क्षेत्र घोषित किया जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में विवेक कोहली विजय साहू विकास गुप्ता रमेश कोली विजय गुप्ता राकेश चक्रवर्ती राजेश केसरवानी राजा खंडेलवाल उत्कृष्ट गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## अनोखी पहल

# पनागर में उपभोक्ताओं को कोरोना टीके लगाने उचित मूल्य दुकान पर केम्प

**जबलपुर।** जबलपुर जिले में कोरोना वेक्सीनेशन अभियान को गति देने लगातार नवाचारों को अपनाया जा रहा है। इसी क्रम में आज बुधवार को पनागर की एक उचित मूल्य दुकान के परिसर में वेक्सीनेशन केम्प लगाकर राशन लेने आ रहे उपभोक्ताओं को कोरोना के टीके लगाने की अनूठी पहल की गई। नायब तहसीलदार पनागर प्रीति नागेंद्र के अनुसार सुबह से उचित मूल्य दुकान के उपभोक्ताओं के लिये स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से लगाये गये इस वेक्सीनेशन केम्प में सुबह 11 बजे तक ही करीब 150 लोगों को कोरोना के टीके लगाये जा चुके थे। उन्होंने बताया कि शुरुआत में कुछ उपभोक्ता टीके लगाने के लिये राजी नहीं हुये लेकिन समझाइश के बाद उन्होंने भी इस केम्प में टीके लगवाने के लिये अपनी रजामंदी दी। नायब तहसीलदार के अनुसार उचित मूल्य दुकानों से इन दिनों नियमित खाद्यान्न के साथ-साथ राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन और प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के निः शुल्क खाद्यान्न का भी वितरण किया जा रहा है। इसी को ध्यान में रखते हुये यहां कोरोना के टीके लगाने आज केम्प आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इसका प्रचार-प्रसार करने मुनादी भी कराई गई। उन्होंने बताया कि शुरुआत के हल्के-फुल्के विरोध के बाद केम्प में वेक्सीन लगाने वालों की संख्या लगातार बढ़ती गई। आसपास के छोटे व्यापारी, फल-सब्जी विक्रेता, रिक्शा चालक तथा श्रमिक वर्ग के लोग भी यहाँ टीका लगवाने आने लगे। स्थिति ये हो गई कि यहां वेक्सीन लगाने दूसरा सेंटर भी बनाया गया तथा एक और टीम को तैनात करना प?ा। नायब तहसीलदार के मुताबिक केम्प में 300 लोगों को वेक्सीन लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इस लक्ष्य को आसानी से प्राप्त हो जायेगा बल्कि इससे अधिक टीके इस केम्प में लगाये जा सकते हैं।





# अधारताल गुरुद्वारा परिसर में टीकाकरण शिविर

**जबलपुर।** कोरोना संक्रमण के फैलाव को रोकने एवं जनमानस को सुरक्षित करने हेतु अधारताल गुरुद्वारा व खरे टेंट हाउस एंड केटर्स के संयुक्त तत्वावधान में टीकाकरण विभाग के सहयोग द्वारा अधारताल गुरुद्वारा परिसर में टीकाकरण शिविर का सफल आयोजन हुआ। प्रातः 10 बजे शिविर का शुभारंभ किया गया, जिसमें लगभग 100 से अधिक लोगों का सफल टीकाकरण हुआ। इस टीकाकरण में पधारे सभी व्यक्तियों को मास्क लगाने एवं सैनिटाइजेशन का पालन करने के लिए कड़ाई से निर्देश भी दिए गए। प्रातः 10.00 बजे से सांय 4.00 बजे तक चला जिससे लोग भविष्य हेतु सुरक्षित रहें। टीकाकरण के दौरान किसी भी व्यक्ति को स्वास्थ्य में विपरीत प्रभाव नहीं पड़ा। शिविर का उद्देश्य यह रहा कि सभी टीकाकरण के प्रति जागरूक हों तथा जल्द से जल्द प्रत्येक व्यक्ति कोरोना से बचने हेतु टीका लगवाये। शिविर में मुख्य रूप से प्रधान अधारताल गुरुद्वारा जी एस मैनी, खरे टेंट हाउस व नर्मदा सेलिब्रेशन के डायरेक्टर कपिल खरे,जी एस सोढ़ी, डी एस बल, हरदीप सिंह , प्रिंस, भरपूर सिंह आदि उपस्थित हुए। आयोजकों का कहनाहै कि हमारा उद्देश्य यह है कि जबलपुर की आम जनमानस पूर्ण रूप से सुरक्षित रहें इस प्रण के साथ जब तक संस्कारधानी जबलपुर में शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन नहीं हो जाता तब तक हम प्रत्येक क्षेत्र में कैंप लगाकर अधिक से अधिक लोगों को वैक्सीनेशन करवाते रहेंगे।

**कार्यालय नगर निगम (कालोनी सेल) जबलपुर**
**क्रमांक-कालोनी सेल/2020-21/46**
**दिनांक 01/06/2021**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मौजा/ ग्राम जबलपुर नं.बं. 264, प.ह.नं. 24/ डायवर्टेड शीट नं.2, प्लाट नं.213/1 श्री राजेन्द्र प्रसाद वार्ड खसरा नं. 282/1 कुल रकबा 2474.11 वर्गमीटर भूमि पर विकासकर्ता/ कालोनाईजर मेसर्स अग्रवाल बिल्डकॉन पार्टनर श्री रीतेश अग्रवाल कालोनाईनर 415 गोपाल आर्केड गोपाल बाग दमोहनाका जबलपुर द्वारा श्री गोपाल लाल जी ट्रस्ट श्री चन्द्रमोहन द्वारा प्रमाणीकृत मुख्त्यार श्री गिरिराज चाचा द्वारा आवासीय भूखण्डीय विकास हेतु कालोनी विकास अनुमति प्राप्त करने के लिए निष्पादित विकास अनुबंध अनुसार विकास कार्यों के एवज में भूखंडों का विवरण :- भूखंड क्रमांक 15, 16 कुल 2 भूखण्ड कुल क्षेत्रफल 149.6 वर्गमीटर नगर निगम जबलपुर में बंधक रखे गए हैं। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त दर्शित सम्पत्ति/ भूखण्डों का क्रय विक्रय कालोनी विकासकर्ता द्वारा नगर निगम से विकास कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र प्राप्त करने के पूर्व न किया जावे उपरोक्त संबंध में विस्तृत जानकारी एवं विवरण तथा अभिन्यास का अवलोकन कार्यालयीन कार्य दिवस में नगर पालिक विभाग जबलपुर कालोनी सेल कक्ष क्रमांक 5 में किया जा सकता है।

**कार्यापालन यंत्री**
**कालोनी सेल, नगर निगम, जबलपुर**

# नि :शुल्क वैक्सीन सुप्रीम कोर्ट का आदेश

## झूठा श्रेय लूट रही भाजपा सरकार

**जबलपुर।** शहर कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश यादव ने मध्य प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा के अलावा अन्य भाजपा नेताओं के बड़बोले बयानों पर काउंटर करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री बनने उतावले हैं मिश्राजी जैसे अनेक नेता, जिसकी तैयारी में अपनी राजनीति की योग्यता प्रदर्शित करने में लगे रहते हैं। जब देखो तब अपने दायित्वों को दरकिनार कर कांग्रेस व नेताओं पर अनावश्यक टीका टिप्पणी करते हैं। भाजपा संगठन और आर एस एस के मुखिया को कैसे प्रसन्न करें उसी में व्यस्त रहते हैं। मोदी सरकार की नाकामियों से लाखों देशवासी मौत के शिकार हो गए और करोड़ों संक्रमित हुए। जो भाजपा मोदी सरकार को नही दिख रहा है। अनेकों अनेक स्वास्थ्य सुविधाओं में लोग ठगे गए। उस पर कोई बात नहीं हो रही है। भाजपा सरकार की नाकामियों को छुपाने कांग्रेस की सरकार से तुलना तो करते हैं पर कांग्रेस की लोक नीतिओ पर अमल नही करते। यह कहते हैं कि कांग्रेस के समय भी कुपोषण चेचक पोलियो की दवा बनाने में कितने साल लगे। उतने तो मोदी सरकार ने वैक्सीन बनाने में महीने नहीं लगाए। भाजपा नेताओं को कौन समझाए कि यदि कांग्रेस ने उचित वक्त पर इन बीमारियों में कंट्रोल नहीं किया होता तो आज देश के अनेकों नागरिकों के साथ बहुत से भाजपा के नेता भी विकलांगता का जीवन जी रहे होते। जितना बड़बोलापन कर रहे हैं शायद ही बोल पाते। मोदी सरकार के द्वारा वैक्सीन की उपलब्धता कराना तो दूर उसकी वितरण की व्यवस्था भी व्यवस्थित नहीं कर पाई। नि :शुल्क वैक्सीन की झूठी वाहवाही मोदी सरकार और भाजपा लूट रही है। देश जानता है कि सुप्रीम कोर्ट ने आदेश जारी किया और केंद्र की मोदी सरकार की मजबूरी हुई।

**मध्य प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड**

**आम-सूचना**

मध्य प्रदेश विद्युत नियामक आयोग, भोपाल द्वारा 2X660 मेगावाट, इकाई क्र-3 एवं 4, श्री सिंगाजी ताप विद्युत परियोजना स्टेज-।।, खंडवा के अंतिम उत्पादन दर के निर्धारण हेतु दायर याचिका कमांक- 25/2020 पर आदेश दिनांक 28-05-2021को जारी किया है, जिसका सार निम्नानुसार है:-

**वित्तीय वर्ष 2018-19 के लिए स्वीकृत वार्षिक क्षमता (स्थायी) प्रभार एवं परिवर्तनीय (उर्जा) प्रभार**

(रू. करोड़ में)

| | विवरण | 18.11.2018 to 27.03.2019 | 28.03.2019 to 31.03.2019 |
|---|---|---|---|
| | | इकाई क्र-3 | इकाई क्र-3एंव4 |
| 1 | अंश पूँजी पर प्रतिलाभ | 75.12 | 147.56 |
| 2 | ऋण पर ब्याज एवं वित्तीय शुल्क | 293.65 | 588.33 |
| 3 | अवक्षयण | 166.45 | 327.12 |
| 4 | संचालन एवं संधारण व्यय | 121.31 | 242.62 |
| 5 | कार्यशील पूंजी पर ब्याज | 68.48 | 140.63 |
| 6 | **वार्षिक क्षमता (स्थायी) प्रभार** | **725.00** | **1446.25** |
| 7 | ईकाई से उत्पादन दिवस की संख्या | 130 | 4 |
| 8 | घटाये : गैर टैरिफ आय | 0.04 | 0.001 |
| 9 | **शुद्ध वार्षिक क्षमता (स्थायी) प्रभार** | **258.21** | **15.85** |
| 10 | **उर्जा प्रभार दर रू /ईकाई में** | **2.635** | **2.734** |

- उक्त आदेश में माननीय आयोग ने अन्य प्रभार की वसूली भी स्वीकृत की है।
- उक्त आदेश में माननीय आयोग ने इस आम सूचना के प्रकाशन के सात दिन बाद अंतरित राशि का समायोजन 6 मासिक किस्तों में करने हेतु निर्देशित किया है !
- विस्तृत आदेश, माननीय मध्य प्रदेश विद्युत नियामक आयोग की वेबसाइट www.mperc.in पर उपलब्ध हैं।

**मुख्य अभियंता (सी॰ एस॰)**
**म॰प्र॰ पावर जनरेटिंग कं॰ लिमि॰, जबलपुर**

// विद्युत की बचत कीजिए //

# एफसीआइ क्लर्क के पास करोड़ों की संपत्ति

**भोपाल।** भारतीय खाद्य निगम (एफसीआइ) के गिरफ्तार रिश्वतखोर अधिकारियों और कर्मचारियों में से एक क्लर्क किशोर मीणा के पास से करोड़ों रुपये की संपत्ति भी मिली है। सीबीआइ ने मंगलवार को मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के 13 ठिकानों पर छापे मारे। इन स्थानों से छापों में बरामद दस्तावेजों के संबंध में पूछताछ के लिए मीणा को 10 जून तक सीबीआइ की रिमांड पर सौंपा गया है। उसके खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का केस दर्ज कर लिया गया है। बाकी तीन रिश्वतखोर न्यायिक हिरासत में हैं। सीबीआइ को पूछताछ में पता चला था कि मीणा ने दो दिसंबर 2016 से 29 मई 2021 तक दो करोड 93 लाख स्र्पये का निवेश किया है। इसकी पड़ताल के लिए भोपाल, विदिशा, खंडवा, झाबुआ, नरसिंहपुर, जबलपुर, नांदेड, जलगांव सहित 13 स्थानों पर छापे मारे गए। यहां कुछ निर्माण कंपनियों के परिसर में भी छानबीन की गई है। यह वे स्थान हैं, जिनका मीणा से सीधा संपर्क था या ये लोग किसी न किसी रूप में एफसीआइ से संबंधित हैं। यहां से बड़ी संख्या में निवेश से संबंधित दस्तावेज बरामद किए गए हैं। इनके संबंध में पूछताछ जारी है। इससे पहले मीणा के घर से तीन करोड़ एक लाख रुपये बरामद किए गए थे। एक अन्य कर्मचारी संदीप कुमार चौधरी के घर से भी नकदी मिली थी।




मध्य प्रदेश व महाराष्ट्र में 13 ठिकानों पर सीबीआइ के छापे

### 21 लाख का एग्रीमेंट लेकिन नकद दिए 50 लाख

सूत्रों ने बताया कि मीणा के ठिकानों से जो दस्तावेज बरामद हुए हैं, उसके मुताबिक संपत्ति में बड़ी राशि निवेश की गई थी। इसमें भी संपत्ति का मूल्य कागजों में कुछ और दर्शाया गया है, जबकि वास्तविकता अलग है। मीणा ने पत्नी और साले के नाम से कृषि भूमि खरीदी थी। इसके एग्रीमेंट में 21 लाख स्र्पये में सौदा होना बताया गया है। हालांकि इसी भूमि के लिए मीणा ने 50 लाख स्र्पये नकद का अतिरिक्त भुगतान किया था।

### यह है मामला

मालूम हो, एफसीआइ के डिविजनल मैनेजर हर्ष हिनोनिया, मैनेजर (अकाउंट) अरुण श्रीवास्तव, मैनेजर (सिक्यूरिटी) मोहन पराते और क्लर्क किशोर मीणा को एक लाख स्र्पये रिश्वत में लेते हुए सीबीआइ ने गिरफ्तार किया था। यह कार्रवाई गुरुग्राम स्थित सुरक्षा एजेंसी कैप्टन कपूर एंड संस की शिकायत पर की गई थी। मीणा एफसीआइ में बतौर सिक्यूरिटी गार्ड भर्ती हुआ था, लेकिन बाद में क्लर्क के रूप में उसकी नियुक्ति हुई। पदोन्नत होते हुए वह ग्रेड-वन तक पहुंचा था।

### दो फीसद प्रतिमाह ब्याज पर दिए थे 95 लाख

जानकारी के अनुसार, मीणा ने 95 लाख रुपये एक साहूकार को दिए हैं। इस साहूकार का निर्माण क्षेत्र में भी कामकाज है। 95 लाख स्र्पये के बदले मीणा को प्रतिमाह दो फीसद ब्याज मिलता था। इसमें से 60 लाख रुपये नवंबर 2020 में दिए गए थे। सीबीआइ ने मीणा से लेनदेन करने वालों को भी जांच के दायरे में लिया है। सीबीआइ यह जानकारी भी जुटा रही है कि एफसीआइ के और कौन अधिकारी-कर्मचारी मीणा के संपर्क में रहे हैं।

# कूनो पालपुर नेशनल पार्क में चीते के लिए विश्राम गृह के पास बन रहा बाड़ा

**भोपाल।** नवंबर में मध्य प्रदेश पहुंचने वाले अफ्रीकी चीता को बसाने के लिए श्योपुर के कूनो पालपुर नेशनल पार्क में तैयारियां तेज हो गई हैं। पार्क में विश्राम गृह के नजदीक विशेष बाड़ा बन रही है, जिसमें पहली बार चीता रखा जाएगा। इसी बाड़े में देखभाल के बाद चीता खुले जंगल में छोड़े जाएंगे। ये बाड़ा अगस्त तक तैयार करना है। इसी आधार पर चीता को लाने की आगे की कार्रवाई होगी। जमीन से पांच फीट तक की कटीली झाड़ियां हटाना और खंदकों (गड्ढों) को भरना भी तैयारियों में शामिल हैं। जंगल में जगह-जगह पानी के लिए छोटे-छोटे तालाब बनाए जाएंगे। पिछले दिनों मुख्य वन्यप्राणी अभिरक्षक जायजा भी लिया है। चीता परियोजना के लिए कूनो पालपुर के चयन के बाद पिछले साल श्योपुर पहुंची सुप्रीम कोर्ट की साधिकार



समिति की उपसमिति ने चीता लाने से पहले घास, झाड़ी मैनेजमेंट पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए थे। इसके चलते पार्क प्रबंधन ने 21 करोड़ रुपये की मांग की थी। राशि देने पर केंद्र सरकार की सैद्धांतिक सहमति मिल गई है। केंद्र से राशि मिलने की प्रत्याशा में राज्य सरकार ने 14 करोड़ रुपये जारी किए हैं, जिससे काम शुरू हो गया है। सबसे पहले चैनलिंक जालियों से विशेष बाड़ा तैयार किया जा रहा है, जिसमें अफ्रीका से आने वाले चीता शुरुआत में दो महीने रहेंगे। इस दौरान डाक्टर और विशेषज्ञों की देखरेख में सभी चीता के स्वास्थ्य की लगातार जांच होगी और रहनसहन देखा जाएगा। यह भी देखेंगे कि उनके स्वभाव में कोई बदलाव तो नहीं आ रहा है। जब सब सामान्य रहेगा, तभी एक-एक कर चीता खुले जंगल में छोड़े जाएंगे। इससे पहले उन्हें कालर आइडी भी लगाई जाएगी। मुख्य वन्यप्राणी अभिरक्षक आलोक कुमार ने बताया कि चीता के लिए पार्क तैयार किया जा रहा है। बाड़ा निर्माण सहित अन्य काम शुरू हो गए हैं। हम तय समय पर काम पूरे कर लेंगे।

# शराब नहीं मिली तो पी लिया सैनिटाइजर, मौत

**भोपाल।** निशातपुरा थाना इलाके में रहने वाले एक व्यक्ति ने शराब नहीं मिलने पर नशे के लिए सैनिटाइजर पी लिया। हालत बिगड़ने के बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मर्ग कायम करने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है। निशातपुरा थाना पुलिस के मुताबिक इमरान पुत्र उस्मान खान (46), जनता नगर, करोंद में परिवार के साथ रहता था। वह एक निजी फर्म में चौकीदारी करता था। इमरान शराब पीने का आदी था। रविवार शाम को उसकी पत्नी नजमा दोनों बच्चों को साथ लेकर रिश्तेदारी में एक शादी के कार्यक्रम में शामिल होने चली गई थी। लॉकडाउन के कारण शहर में शराब की दुकानें बंद थीं। इस वजह से इमरान को कहीं पर भी शराब नहीं मिल सकी। तलब बढ़ने पर उसने घर में रखी सैनिटाइजर की शीशी उठाई और उसे गटक गया। रात में पत्नी वापस घर लौटी। उसे शीशी में सैनिटाइजर कम दिखा। पूछने पर इमरान ने बताया कि उसने सैनिटाइजर पी लिया है। कुछ देर बाद इमरान को बेचैनी होने लगी। हालत बिगड़ने पर स्?वजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। उपचार के दौरान सोमवार को इमरान की मौत हो गई।



# न्यूयॉर्क तक जाएगी विंध्य हर्बल्स की इम्युनिटी बूस्टर किट

**भोपाल।** कोरोना संक्रमण की रोकथाम एवं बचाव में विभिन्न भारतीय आयुर्वेदिक औषधियों को काफी लाभकारी पाया गया है। इसमें गिलोय, अश्वगंधा और त्रिकटु चूर्ण प्रमुख है और इनकी मांग दुनियाभर में बी है। यही वजह है कि मप्र लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केंद्र (एमएफपी पार्क) के विंध्य हर्बल्स ब्रांड की औषधियों का विक्रय और प्रदर्शन योग दिवस पर 21 जून को न्यूयॉर्क में किया जाएगा। ऐसा पहली बार है जब विंध्य हर्बल के उत्पाद विदेश जाएंगे। मध्य प्रदेश राज्य लघु वनोपज (व्यापार एवं विकास) सहकारी संघ मर्यादित की आयुर्वेदिक औषधि प्रसंस्करण इकाई लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केंद्र (एमएफपी पार्क) वन परिसर, बरखे ?ा पठानी द्वारा आयुर्वेदिक एवं हर्बल औषधियों का उत्पादन गत 15 साल से किया जा रहा है। इस केंद्र द्वारा समूचे मध्य प्रदेश सहित देश के विभिन्न राज्यों में 250 प्रकार की आयुर्वेदिक औषधियों की आपूर्ति की जाती है। एमएफपी पार्क के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक जैन ने बताया कि रोग प्रतिरोधक क्षमता (इम्युनिटी) ब ?ाने में आयुर्वेदिक औषधियों के प्रभाव को देखते हुए विंध्य हर्बल्स ने महत्वपूर्ण औषधियों को समाहित करते हुए एक रोग प्रतिरोधी क्षमता बढ़ाने वाली (इम्युनिटी बूस्टर) किट तैयार की है।

### सौ गिफ्ट पैक उपलब्ध कराए

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को न्यूयॉर्क में आयोजित प्रदर्शनी में भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास महासंघ (ट्राइफेड), नई दिल्ली के माध्यम से इम्युनिटी बूस्टर किट का प्रदर्शन और वितरण वैश्विक मंच पर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि फिलहाल सौ गिफ्ट पैक ट्राइफेड को उपलब्ध कराए गए हैं। इसके आधार पर जितनी मांग आएगी, उतनी आपूर्ति की जाएगी। वनवासी उत्पादों को ब ?ावा देने के लिए ट्राइफेड हर साल देश के कुछ चुनींदा उत्पादों को प्रदर्शनी में शामिल करता है। मप्र से इस बार हमारी औषधियों को चुना गया है। भारतीय वन सेवा के अधिकारी श्री जैन ने बताया कि विंध्य हर्बल की औषधियों का विक्रय अभी देश के भीतर ही सीमित है। ई-कॉमर्स के माध्यम से विदेशों में बिक्री के लिए हम प्रयासरत हैं।

### किट में हैं पांच दवाएं

इम्युनिटी बूस्टर किट में त्रिकटु चूर्ण, गिलोय चूर्ण, अश्वगंधा चूर्ण, कालमेघ चूर्ण एवं अर्जुन हर्बल टी सम्मिलित हैं। इसमें उपयोग संबंधी एक पर्चा भी है। एक पैक की कीमत तीन सौ रुपये है।

# भोपाल, होशंगाबाद समेत प्रदेश के कई इलाकों में झमाझम बारिश के आसार

**भोपाल।** अरब सागर के साथ ही बंगाल की खाड़ी में जबरदस्त हलचल जारी है। मध्यप्रदेश में मानसून के दस्तक देने की उलटी गिनती शुरू हो गई है। इसके तहत मानसून पूर्व की गतिविधियों में तेजी आ गई है। इसी क्रम में मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात के प्रदेश के कई स्थानों पर झमाझम बारिश हुई। इसके तहत भोपाल शहर में 57.4, एयरपोर्ट क्षेत्र में 36.2, रायसेन में 54.2, छिंदवाड़ा में 51.2, जबलपुर में 26.6, बैतूल में 20.0 मिलीमीटर बरसात हुई। मौसम विभाग के मुताबिक भोपाल, होशंगाबाद समेत प्रदेश के कई हिस्सों में अगले 24 घंटे में भी बौछारें पड़ने की संभावना है।

# बैरागढ़ बाजार में खुली दुकानें, व्यापारियों ने की साफ-सफाई

**भोपाल।** राजधानी भोपाल के उपनगर संत हिरदाराम नगर का प्रमुख बाजार लगभग दो माह बाद बुधवार को पुन~ खुल गया। व्यापारियों ने दुकानों की साफ-सफाई की और अपने साथ-साथ कर्मचारियों का भी टीकाकरण कराया। जिला प्रशासन के निर्देश के बाद व्यापारियों को बुधवार से टीकाकरण के लिए दुकान खोलने की अनुमति दी गई थी। गुरुवार से पूरा बाजार पहले की तरह खुला रहेगा। जिला प्रशासन का आदेश जारी होते ही व्यापारियों ने मंगलवार को ही बाजार खोलने की तैयारी कर ली थी। बुधवार को सुबह नेहरू क्लॉथ मार्केट, लक्ष्मी कपड़ा मार्केट, बर्तन बाजार सहित लगभग पूरा बाजार खुला हुआ था। व्यापारियों ने दुकान की साफ-सफाई की। कपड़ा संघ के पूर्व अध्यक्ष मूलचंद वीधानी के अनुसार लंबे समय से दुकान बंद होने के कारण काफी समय सफाई में लग गया। कपड़ा व्यापारी मूलचंद लखवानी के अनुसार इस बार हमें काफी नुकसान उठाना पड़ा है।



### सीजनल कारोबार नहीं होने से व्यापारी निराश

इस बार व्यापारियों को मांगलिक सीजन में कारोबार करने का समय नहीं मिला, क्योंकि बाजार बंद था। इस कारण व्यापारी निराश हैं। व्यापारियों का कहना है कि यदि हमें 15 दिन पहले बाजार खोलने की अनुमति दे दी जाती तो हमारा नुकसान कवर हो सकता था, लेकिन प्रशासन ने कोरोना संकट का हवाला देते हुए अनुमति नहीं दी थी। पिछले साल भी कोरोना संकट के कारण अप्रैल और मई माह में बाजार बंद था। इससे व्यापारियों को काफी नुकसान हुआ था। कपड़ा व्यापारी संघ के अध्यक्ष एवं महासचिव का कहना है कि कोरोना गाइडलाइन का पालन करते हुए कारोबार किया जाएगा।

# भोपाल और इंदौर से विमान हाइजैक करने की धमकी, एयरपोर्ट की सुरक्षा बढ़ाई

**भोपाल।** राजा भोज एयरपोर्ट पर मंगलवार को उस समय अचानक अफरातफरी मच गई जब एयरपोर्ट टर्मिनल मैनेजर के पास फोन आया कि आज भोपाल और इंदौर एयरपोर्ट से विमान हाईजैक किया जाएगा। रोक सको तो रोक लो। यह किसी रिहर्सल या मॉकड्रिल का हिस्सा नहीं था। शाम करीब पांच बजे एयरपोर्ट टर्मिनल मैनेजर धर्मराज वर्मा के पास यह धमकी भरा फोन आया। वर्मा ने तत्काल सीआइएसएफ के डिप्टी कमांडेंट एवं विमानतल सुरक्षा प्रभारी मानसिंह को यह जानकारी दी। गांधीनगर पुलिस को भी पूरे मामले से अवगत कराया गया। कुछ समय बाद सुरक्षा बल एवं पुलिस ने उसी मोबाइल नंबर पर फोन किया तो मोबाइल स्विच ऑफ मिला। देर रात तक मोबाइल बंद था। सीआइएसएफ सूत्रों के मुताबिक शुरुआती जांच में मोबाइल नंबर किसी उज्जवल जैन के नाम से दर्ज है। उसका पता भोपाल का है लेकिन मोबाइल काल शुजालपुर से किया गया था। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। धमकी भरा संदेश मिलने के बाद सीआइएसएफ ने एयरपोर्ट की



### एयरपोर्ट की सुरक्षा बढ़ाई, सतर्क रहने के निर्देश

सुरक्षा बढ़ा दी है। फोन आने के बाद मुंबई उड़ान भोपाल आना शेष थी। इंदौर एयरपोर्ट प्रबंधन को भी मामले की जानकारी दे दी गई। बम एवं डॉग स्क्वॉड को भी सतर्क कर दिया गया। बम, डॉग असिस्टेंट कमेटी से जुड़े सदस्यों ने एयरपोर्ट का मुआयना किया। हालांकि पुलिस एवं सीआइएसएफ को शक है कि धमकी देने वाला कोई सिरफिरा युवक होगा। सीआइएसएफ के डिप्टी कमांडेंट मानसिंह का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए विमान क्षेत्र की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। विमानों की लैंडिंग एवं टेकऑफ के समय अतिरिक्त सतर्कता बरतने को कहा गया है। एयरपोर्ट डायरेक्टर अनिल विक्रम का कहना है कि पूरे मामले की जानकारी पुलिस को दे दी गई है।

### जानकारी मिलते ही जांच शुरू की

मामले की जानकारी मिलते ही हमने जांच शुरू कर दी है। शुरूआती जांच में किसी सिरफिरे के शामिल होने की बात सामने आई है। युवक ने विमान हाईजैक करने की धमकी दी थी। विस्तृत जांच की जा रही है।

# महिला की पत्थर से सिर कुचलकर हत्या, लिवइन पार्टनर निकला हत्यारा




**भोपाल।** अशोका गार्डन इलाके में सोमवार रात नशे में धुत व्यक्ति ने अपनी लिवइन पार्टनर की पत्थर से सिर कुचलकर हत्या कर दी और लाश को घर के पीछे सड़क किनारे ठिकाने लगा दिया। इसके बाद वह अपने दोस्त के साथ ऑटो से सड़कों पर घूमता रहा। रास्ते में दोस्त को महिला की हत्या की बात बताई तो उसने पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार होते ही आरोपित ने पुलिस से पूछा कि अब क्या मुझे फांसी होगी? अशोका गार्डन के थाना प्रभारी आलोक श्रीवास्तव के मुताबिक लता बाई लोधी (55) औद्योगिक क्षेत्र ई सेक्टर स्थित लालवानी फैक्ट्री के पास सतीश (50) के साथ लिवइन में रहती थी। उसके पहले पति की 10 साल पहले मौत हो चुकी है। बच्चों की भी शादी हो चुकी है। सतीश निजी काम करता है और मूलत~ ग्राम बरखेड़ा हसन थाना अहमदपुर जिला सीहोर का रहने वाला है।



# जेपी अस्पताल में एक महीने में तैयार होंगे दो आक्सीजन प्लांट

**भोपाल।** राजधानी भोपाल के जेपी अस्पताल में मेडिकल आक्सीजन की समस्या हमेशा के लिए हल होने जा रही है। यहां पर दो आक्सीजन जनरेशन प्लांट लगाए जा रहे हैं। इनमें एक प्लांट 1000 लीटर प्रति मिनट (एलपीएम) क्षमता वाला है और दूसरा 400 एलपीएम क्षमता का है। एक हजार लीटर क्षमता वाला प्लांट भारत सरकार के सहयोग से लगाया जा रहा है और दूसरा मध्य प्रदेश सरकार लगा रही है। गौरतलब है कि कोरोना संकट के दौरान जेपी अस्पताल में अधिकतम 120 मरीज भर्ती थे। उनमें आक्सीजन सपोर्ट पर 30 से 40 मरीज ही थे। इसके बाद भी अप्रैल में ऐसे हालात बने थे कि अस्पताल में मरीजों के लिए एक से दो घंटे की ही आक्सीजन बची थी। अस्पताल के आरएमओ डॉ. बलराम उपाध्याय ने बताया कि दोनों प्लांट लगने के बाद सामान्य परिस्थितियों में अस्पताल में आक्सीजन की जरूरत पूरी हो जाएगी। जेपी अस्पताल में 20 बिस्तर का कोरोना आइसीयू बना है। आक्सीजन पाइप लाइन लगी हुई है। आक्सीजन जनरेशन प्लांट से पाइप लाइन को जोड़ा जाएगा। हर दिन 20 से 30 मरीजों की आक्सीजन की जरूरत पूरी हो जाएगी। बता दें कि जनरेशन प्लांट में वातावरण से आक्सीजन खींचकर मेडिकल आक्सीजन तैयार की जाती है। तरल आक्सीजन 97 से 98 फीसद तक शुद्ध हो

ती है, जबकि हवा से तैयार की गई आक्सीजन करीब 92 फीसद तक शुद्ध होती है। आक्सीजन कंसंट्रेटर में भी वातावरण की हवा से मेडिकल आक्सीजन तैयार की जाती है। एक आक्सीजन प्लांट लगाने के लिए बेमसेंट बनाने का काम लगभग पूरा होने वाला है। दूसरे का काम भी जल्द ही शुरू होगा। उम्मीद है कि महीने भर में बेसमेंट तैयार होने के बाद प्लांट लग जाएगा। इससे अस्पताल में मौजूदा बिस्तर के अनुसार आक्सीजन की जरूरत पूरी हो सकेगी।

**-डॉ. राकेश श्रीवास्तव, अधीक्षक, जेपी अस्पताल**

# पांचवीं से 12वीं तक के बच्चों को खुश रखेगी आनंद सभा

**भोपाल।** कोरोना की पहली और दूसरी लहर से हर वर्ग प्रभावित रहा। स्कूल बंद रहने और बाहर आने-जाने पर बंदिश से बच्चों पर भी विपरीत असर पड़ा है। वे मानसिक तौर पर परेशान हैं। इससे उन्हें मुक्त करने का जिम्मा मध्य प्रदेश सरकार ने राज्य आनंद संस्थान को दिया है। संस्थान सरकारी स्कूलों में पांचवीं से 12वीं तक के बच्चों के लिए आनंद सभा आयोजित करेगा। इसमें बच्चों को तनाव मुक्त होकर बेहतर परिणाम हासिल करने के बारे में बताया जाएगा। यह भी बताएंगे कि दूसरों की मदद करके उन्हें कितना आनंद मिलेगा। बतौर पायलट प्रोजेक्ट नौवीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए कटनी, छतरपुर सहित कुछ जिलों में आनंद सभा आयोजित की जा चुकी है। वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए इसे विस्तार देने का निर्णय लिया है। राज्य आनंद संस्थान के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अखिलेश अर्गल का कहना है आनंद सभा का मकसद बच्चों में आत्मविश्वास जगाना है। प्रतियोगी परीक्षाओं का दबाव बच्चों पर रहता है। कोरोना संक्रमण के कारण दो शिक्षा सत्र प्रभावित हुए हैं। वहीं, परीक्षा परिणाम आने के बाद जिस तरह बच्चे आत्मघाती कदम उठाते हैं, उसे देखते हुए ऐसा कार्यक्रम शुरू करने का निर्णय लिया था, जिससे सकारात्मक माहौल बने। इसे ध्यान में रख आनंद सभा का कार्यक्रम तैयार किया है। सभा का आयोजन प्रति शनिवार एक से डेढ़ घंटे किया जाएगा। इसमें स्कूल के प्रशिक्षित शिक्षक बच्चों को जीवन जीने की कला कहानियों के माध्यम से सिखाएंगे। इसके लिए 11 अध्याय तैयार किए गए हैं।



मकसद है बच्चे असफलता से सीख लें, दूसरों में अच्छाई खोजें, मदद करें, अनावश्यक चिंता न पालें और सकारात्मक दृष्टिकोण रखें। स्कूल खुलते ही आनंद सभा का आयोजन धीरे-धीरे पूरे प्रदेश में किया जाएगा। अभी कक्षा नौंवी से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए कार्यक्रम बनाया था पर अब इसका विस्तार पांचवीं कक्षा तक किया जाएगा।

### तीन हजार शिक्षकों को किया प्रशिक्षित

आनंद सभा के लिए प्रदेश में तीन हजार शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। इनमें से छतरपुर के कुछ शिक्षकों ने कोरोनाकाल में 40 से 60 बच्चों के समूह बनाकर आनलाइन आनंद सभा भी की है। इसके पहले लगभग सौ स्कूलों में सभा का आयोजन किया जा चुका है।

### आनंद सभा के 11 अध्याय

मदद करना, क्षमा करना, क्षमा मांगना, कृतज्ञता की शक्ति, दूसरों में अच्छाई देखना, स्वीकारिता का महत्व, ध्यान की शक्ति, संकल्प की शक्ति, दृष्टिकोण का महत्व, चिंता का कोई लाभ नहीं और आत्म विश्वास।

# ग्राम पंचायत धनगोर के सारे काम भ्रष्टाचार की माटी से बनाए

**तेंदूखेडा/दमोह।** जिला दमोह की जनपद पंचायत तेंदूखेडा की भृष्ट पंचायतो मेसे एक ग्राम पंचायत धनगोर जोकि मुख्यालय से सात किलोमीटर दूर है।जहां पर पिछ्ले छ सालो में हुए सारे विकास कार्य खोखले हो चूके हैं।ग्राम पंचायत धनगोर में सरपंच ओर रोजगार सहायक ने मिलकर ग्राम पंचायत में हुए सारे कार्यो में जमकर भृस्टाचार मचाया है।सरपंच ओर तत्कालीन रोजगार सहायक की मनमानी के चलते लगभग सभी कार्य गुणवत्ता हीन हैं।साथ ही समय से पहले जर्जर हो चुके हैं।पंचायत के निवासियों का कहना है कि तत्कालीन रोजगार सहायक ने सारे कार्य मनमाने तरिके से करके हमे दस वर्ष पीछे धकेल दिया हैं।ग्राम पंचायत धनगोर के ग्राम बहेरिया में वर्ष2016में स्वीकृत आंगनबाडी जिसकी लागत करीब छ लाख रुपये थी जो आज अपनी दुर्दशा पर रो रही है।





### भवन मेंदीवारों में आ गई दरारे

वर्ष 2016-17मे बना आंगनबाडी का भवन जर्जर हो चुका है।भवन की दीवारें चटकने लगी है।तीन वर्षों बाद भवन की ऐसी हालत देखकर आप अंदाजा लगा सकते हैं कि भृस्टाचार किस कदर हुआ होगा।लोगो के अनुसार ग्राम पंचायत के तत्कालीन रोजगार सहायक ने जमकर लीपा पोती करके अपना मोटा मुनाफा कमाया है आँगन बाडी की हालत के जिम्मेदार सरपंच ओर तत्कालीन रोजगार सहायक ही हैं।भवन में सीमेंट ना के बराबर मिलाया गया था और रेत की क्वालिटी घटिया थी जिस कारण दीवारों में दरारे आने लगी है।पंचायत की तरफ से तराई बिल्कुल ही नही करवाई गई थी।

### चटक गए महगे टाइल्स

आंगनबाडी भवन के फर्श में टाइल्स बिछाये गए हैं ।बिछाये गए टाइल्स को देख कर लगता है कि टाइल्स किसी इंजीनियर की देख रेख में नही बिछाये गए हैं अपितु किसी नोसिखिये ने बिछाये होंगे तभी तो चटक कर टूट गए हैं।भवन की हालत को देख कर लगता हैं कि भवन को हडबडी में बनाया गया है तभी तो भवन के कमरों के बेस को एक सा मिलाये बगेर ही टाइल्स बिछा दिए तभी तो वे बजन पडते ही एक एक करके वे टूट गए।

### कीमती भवन का छत से टपक रहा है पानी

लाखो की लागत से बनाया गया आंगनबाडी भवन की छत से पानी टपकता है।पूरे भवन को भृस्टाचार के तहत डिजाइन किया गया था।तभी तो भवन के प्रत्येक भाग में कोई ना कोई गलती मिल ही जाती है।इस भवन के छत को ही देख लो जिस दिन से भवन बना है उसी दिन से भवन की छतसे पानी कि बूंदे टपक रही है।ऐसे में बच्चों का पने में ओर शिक्षक का पडाने में कैसे मन लगेगा।तत्कालीन रोजगार सहायक ओर सरपंच ने मिलकर मोटा कमीशन देकर इस भवन निर्माण में भृस्टाचार की सारी हदें पार कर दी गयी थी।

### इनका कहना है

ग्राम पंचायत के मौजूदा सचिव श्री दसरथ लोधी का कहना है कि यह कार्य मेरे कार्यकाल के नही हैइसलिये में कुछकह नही सकूँगा।ओर पँचायत में कोई रिकार्ड मौजूद नही है इसलिये कुछ बता पाना मुश्किल है।ग्राम पंचायत के तत्कालीन रोजगार सहायक राम किशन यादव से पूछा तो बताया कि फर्श के धसकने से टाइल्स टूट गयी है, बाकी सब झूठ है।वही पँचायत के सहायक यंत्रीश्री केशव पटेल का कहना की अगर पँचायत में इस तरह की लापरवाही हुई है तो उनकी बिधिवत जांच करवाई जाएगी और दोषियों पर कार्यवाही की जायेगी।ह्य

## 47 किसानों का 7551387 रूपये भुगतान लंबित

**सिहोरा ।** रवि विपणन वर्ष 2021-22 समर्थन मूल्य खरीदी मे किसानों से क्रय किये गए गेहूं का शत-प्रतिशत परिवहन होने के बावजूद 47 किसानों का भुगतान लंबित होने के कारण किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है । उल्लेखनीय है कि गेहूं उपार्जन हेतु सिहोरा विकासखंड के 18456 किसानों ने पंजीयन कराया था जिसमें से 12312 किसानों ने उपार्जन नीति का लाभ प्राप्त करते हुए । करीब 1109793.78 विंक्टल गेहूं का उपार्जन किया था। खरीदे गए कुल गेहूं के विरुद्ध किसानों को देय राशि 2166421035 रूपये मैं से 2160940404 रूपये का भुगतान कर दिया गया है कुल 47 किसानो का भुगतान शेष है जिसकी राशि 7551387 रूपये है। किसी भी केंद्र में परिवहन शेष नही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सर्वाधिक बृहत सेवा सहकारी संस्था बेला के 25 किसानों का भुगतान लंबित है वही सेवा सहकारी संस्था कछपुरा के 7 किसान, अन्नपूर्णा वेयरहाउस के 6 किसान,वृहत सेवा सहकारी संस्था बुढ़ागर केंद्र 2 के 5 किसानों एवं सेवा सहकारी संस्था कछपुरा केंद्र 2 के 4 किसानों का भुगतान लंबित है।



## शिक्षकों और स्वास्थ्य कर्मचारियों ने किया पौधरोपण पर्यावरण संरक्षण बचाने दिया जागरूकता का संदेश

**तेंदूखेडा/ पाटन।** शनिवार को 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस पर देशभर में पर्यावरण संरक्षण के लिए लोगों ने कदम बढाया और संकल्प लेकर पर्यावरण की प्रति जागरूक होकर पेड पौधों को बचाने का संकल्प लिया इसी बीच पाटन ब्लाक के रैठरा ग्राम में स्कूल परिसर में शिक्षकों ने वैक्सीनेशन कर रहे स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने पर्यावरण को बचाने के लिए स्कूल परिसर में पौधारोपण किया एवं लोगों को अपने अपने घर में एक पौधा लगाने की अपील की इस दौरान रामेश्वर पटेल ने कहा कि सभी को पौधे लगाने के लिए आगे आना चाहिए सभी की सहभागिता से पर्यावरण बचेगा वही पौधा लगाते हुए आगंनबाडी कार्यकर्ता एकता रजक प्रीति रजक ने कहा कि पर्यावरण के संतुलन को अनदेखा करते हुए हम सभी अपनी इच्छाओं की पूर्ति के लिए पर्यावरण को नुकसान पहुंचाते आ रहे हैं जिसके गंभीर परिणाम ग्लोबल वार्मिंग के रूप में आज दिखाई पड रहे हैं

**वृक्ष देते हैं जीवन** पौधरोपण करते हुए भारती मेडम ने कहा कि वृक्ष जीवन देते हैं जबकि हमने उसी जीवन को नष्ट करने में अपना योगदान दिया इसलिए एक नारा बनाओ आइए आज ही अपने नाम का एक पौधा लगाए और आनेश वाले कल को खूबसूरत बनाए अखिलेश सोनी का कहना है कि पर्यावरण बचाने प्रदूषण हटाने और शुद्ध ऑक्सीजन के लिए हर मनुष्य को एक न एक पौधा जरुर लगाना चाहिए स्वास्थ्य विभाग कर्मचारी कमलेश दुबे ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा तभी होगी जब हरियाली ब?गी अगर हर व्यक्ति एक पौधा लगाए तो प्रदूषण पर स्वयसेव अंकुश लग जाएगा हमें पांच तत्वों के बल पर इस पर अंकुश लगाने की कोशिश करनी चाहिए हमें जल जंगल व भूमि की रक्षा करनी चाहिए उन्होंने हरियाली ब?ाने पर जोर दिया वही सुनीता चडार ने भी पौधरोपण करते हुए उपस्थित लोगों को पौधों की रक्षा करने का संकल्प कराया और कहा कि पौधे हमारे जीवन के लिए कितने महत्त्वपूर्ण है उनकी सेवा करने से प्राणवायु मिलती है हमें मशीनीकृत ऑक्सीजन की बजाय प्राकृतिक प्राणवायु की जरुरत है सभी से कहा कि पौधारोपण करने के लिए आगे आए और अपने आसपास खाली जमीन पर पौधे लगाकर पृथ्वी का श्रृंगार करें इस दौरान शिक्षक और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी मौजूद थे।

## तीन रोज,सबके लिये सुलभ होंगे वैक्सीन के डोज

**जबलपुर।** कोरोना महामारी के भयावह दौर में अपने सामाजिक दायित्वों और समाज के कल्याण के लिए कलेक्टर कार्यालय एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के आह्वान पर कोठारी ज्वेलर्स का वैक्सीनेशन ड्राइव कार्यक्रम 8 जून से प्रारंभ किया जा रहा है। ये ड्राइव सदर स्थित कुशल मंगल भवन,जैन दादाबा?ी,लाल स्कूल के पास सुबह 10 बजे से सायं 5 बजे तक आयोजित की जाएगी। तीन दिनों तक चलने वाले इस फ्री वैक्सीनेशन ड्राइव प्रोग्राम में कोई भी नागरिक आकर कोरोना से बचाने वाली वैक्सीन लगवा लगवा सकता है।

**कोठारी ज्वेलर्स लाये सबके लिये वैक्सीन की सौगात,तीन दिवसीय वैक्सीनेशन ड्राइव आज से**

### सावधानी के साथ लगेगा टीका

इस वैक्सीनेशन ड्राइव में कोरोना प्रोटोकॉल का पूरा पालन किया जाएगा। प्रशिक्षित स्टाफ द्वारा संपन्न होने वाले इस टीकाकरण कार्यक्रम में सरकार द्वारा तय किये गए प्रत्येक मापदण्ड का पालन किया जाएगा। इस वैक्सीनेशन ड्राइव के लिए पहले से रेजिस्ट्रेशन कराने की आवश्यकता नहीं है। इस वैक्सीनेशन ड्राइव में 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के नागरिक गण शामिल हो सकेंगे।

### जिम्मेदारी निभाने का वक्त- आशीष कोठारी

कोठारी समूह के डायरेक्टर आशीष कोठारी ने कहा कि कोरोना महामारी की कठिनाइयों के बीच समाज के प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है कि वो अपनी क्षमतानुसार इस ल?ाई में अपना योगदान दे। कोठारी ज्वेलर्स इस वैक्सीनेशन ड्राइव के माध्यम से अपना कर्त्तव्य निभाने का प्रयास कर रहा है। श्री कोठारी ने कहा कि निकट भविष्य में कोरोना को लेकर विविध योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाएगा। श्री कोठारी ने सभी से वैक्सीनेशन ड्राइव में कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करते हुए उपस्थिति का विशेष आग्रह किया है।

## सहेलियों पर चाकू से जानलेवा हमला

**कटनी।** माधवनगर थाना अंतर्गत अमीरगंज के चांदमारी मोहल्ले मोबाइल के विवाद पर हमउम्र सहेलियों पर चाकू से जानलेवा हमले की घटना प्रकाश में आई है। पुलिस ने आरोपी युवक के विरूद्ध मामला दर्ज करते हुए उसकी तलाश शुरू कर दी है। इस संबंध में जानकारी देते हुए उपनिरीक्षक धनजंय पांडे ने बताया कि चांदमारी मोहल्ला निवासी सुनीता कोल नामक महिला का मोबाइल खो गया था। खोजबीन करने पर पता चला कि उसका मोबाइल मोहल्ले के ही मनोज केवट नामक युवक के पास है। जानकारी लगने के बाद सुनीता अपनी हमउम्र सहेली लक्ष्मी कोल के साथ मनोज केवट के यहां मोबाइल लेने के लिए गई तो मनोज ने आक्रोशित होकर सुनीता व लक्ष्मी पर चाकू से जानलेवा हमला कर घायल कर दिया।

## प्राकृतिक जल स्त्रोतों का होगा जीर्णोद्धार

**सिहोरा।** नगर के प्राचीन एवं प्राकृतिक जल स्त्रोतों का वर्षा पूर्व जीर्णोद्धार किया जाएगा मुख्य नगरपालिका अधिकारी जयश्री चौहान ने बताया कि नगर के ऐतिहासिक झंडा बाजार जैन मंदिर पास स्थित चौपड़ा तालाब सहित वार्ड नंबर 3 नए बस स्टैंड के सामने स्थित बावडी एवं गहोई मुक्तिधाम के समीप स्थित प्राचीन बावड़ी की साफ-सफाई ऊवराई एवं रंग रोगन कर जीर्णोद्धार किया जाएगा । उल्लेखनीय है कि लगभग 3 वर्ष पूर्व चौपड़ा तलाब से से सैकडों ट्राली मलवा निकलवाकर कर एवं गहरीकरण कर जल संवर्धन की अनुपम एवं नवाचार प्रस्तुति कर स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान में नगर की पालक संस्था ने अपना स्थान प्रदेश में सुरक्षित किया था किंतु विगत 2 वर्षों से कोरोना काल में उपेक्षित जल स्त्रोत मरणासन्न स्थिति में पहुंच गए थे मुख्य नगरपालिका अधिकारी ने बताया कि नगर के तीनों प्राचीन जल स्त्रोतों की साफ-सफाई ऊवराई हेतु निविदा जारी की गई थी एवं न्यूनतम दर प्राप्त निविदाकार को शीघ्र साफ-सफाई एवं उवरई कार्य हेतु कार्य आदेश जारी किए जा चुके हैं ताकि वर्षा पूर्व प्राचीन जल स्त्रोतों का जीर्णोद्धार हो सके।





## वैक्सीन लगवाने दे रहे सलाह

**कुंडम।** आज सोमवार को कुंडम तहसीलदार प्रदीप कौरव जी ने कुंडम बाजार का भ्रमण किया एवं दुकानदारों को राहगीरों को वैक्सीन के लिए प्रेरित किया कुंडम तहसीलदार अपने दल बल के साथ दुकान दुकान जा कर वैक्सीन लगवाने की सलाह दे रहे साथी जो वैक्सीन लगवा चुके हैं उनके प्रमाण पत्र की जांच की जा रही है तहसीलदार प्रदीप कौरव के साथ स्वास्थ्य कर्मी एवं उनकी टीम दुकान दुकान जा कर हर दुकानदार हर राहगीरों को वैक्सीन लगवाने की सलाह देते हुए नजर आए।



### राशन वितरण किया

कुडम। आज दिनांक को भारतीय जनता पार्टी प्रदेश मंत्री व सिहोरा विधायक श्रीमती नंदनी मरावी जी के द्वारा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना का शुभारंभ किया गया, ग्राम सूपावारा, कूवरहट, आमाटीठा, झिरमिला, बड़कुर, मैं राशन का वितरण किया गया, इस कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि कमलेश साहू, जे, पी, यादव एसडीएम कुंडम, मंडल अध्यक्ष राजेश साहू, खाद्य निरीक्षक सूचिता दुबे, पूहप सिंह ठाकुर, श्याम सिंह मार्को, नरेश ठाकुर सेल्समैन धनीराम साहू, मिश्रा जी, रंजीत पटेल, विनोद चंद पुरिया, प्रमोद झारिया एवं सभी गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ.

## छात्रों ने जनरल प्रमोट के लिए सौपा ज्ञापन

**पाटन।** आई टी आई में अध्ययनरत छात्रों द्वारा आज मुख्यमंत्री के नाम प्राचार्य को ज्ञापन सौपा गया जिसमें छात्रों द्वारा मांग की गयी है कि कोरोना महामारी के चलते आई टी आई के छात्र छात्राओं का प्रवेश वर्ष 2018 से 2020 के द्वितीय वर्ष में इलेक्ट्रिशियन और वेल्डर वर्ष 2019 में प्रवेषित छात्रों की परीक्षाएं रुकी हुई है जिसके कारण दो वर्ष के कोर्स को लगभग 4 वर्ष होने जा रहे है जिसके कारण छात्रों का भविष्य खराब हो रहा है साथ ही वो आगे के अन्य कोर्स भी प्रभावित हो रहे है अतः छात्रों ने मांग की है कि उन्हें जनरल प्रमोट किया जाए ताकि छात्र अपना उज्जवल भविष्य बना सके जिसमे छात्र सत्यम मेहरा राजवीर सिंह अमन ठाकुर गोविंद साहू उपस्थित रहे।



## जागरूकता की कमी के चलते कम हुआ टीकाकरण



**पाटन।** कोरोना संक्रमण की दर भले ही कम हो गयी हो पर कोरोना से बचाव के लिए जरूरी वैक्सीन लगवाने ग्रामीण क्षेत्रों में कम ही लोग आ रहे है लोगो मे तरह तरह की भ्रांतियां फैली हुई है पाटन क्षेत्र हो रहे टीकाकरण कि कमी को देखते हुए राजस्व अधिकारी स्वास्थ्य विभाग के साथ गांव गांव पहुच कर लोगो को वैक्सीन के लिए जागरूक कर रहे है इसी के चलते तहसीलदार प्रमोद चतुर्वेदी ग्राम थाना पहुचे और और ग्राम वासियो को समझाइस दी कि टीका जरूर लगवाए।

## सर्वोदय नगर में टीकाकरण



**जबलपुर।** शासन के द्वारा चलाये जा रहे कोरोना टीकाकरण अभियान के तहत आंध्रा तेलुगु सेवा समिति के प्रयासों से तथा जिला चिकित्सालय विक्टोरिया के सहयोग से सर्वोदय नगर सिति संजय गांधी जागृति स्कूल में टीकाकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान में 320 हितग्राहियों को कोविशील्ड वैक्सीन का प्रथम डोज का टीका लगाया गया। उक्त अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों का स्वागत किया गया। विशेष रूप से समिति के राजा केवट, सैमसन जैकब, लक्ष्मण कोरी स्टेनली सुकमार शान कुमार दुर्गा राव आदि का सहयोग रहा।

## स्वयंसेवकों के सेवाकार्य में दिखी सामाजिक समरसता और सद्भावना की बेहतरीन झलक

**अनूपपुर।** 2020 - 21 में कोरोना संक्रमण के दो विकराल लहर के बीच जब लोग बीमारी और मौत के भय से घरों में डरे , सहमें, दुबके हुए थे , तब समाज का एक वर्ग ऐसा भी था, जिसने पूरी निडरता के साथ बिना जाति, पंथ , धर्म, वर्ग का भेद किये ,समान रुप से सेवा भाव के साथ जरुरतमन्दों तक नि-स्वार्थ भाव से मदद पहुंचाई।

इसकी एक बानगी शासकीय मेडिकल कॉलेज ,शहडोल में देखने को मिली। राष्टीय स्वयंसेवक संघ की सेवाभारती के स्वयंसेवकों द्वारा लाकडाउन के पूरे समय दोनों वक्त निःशुल्क काढ़ा, चाय, गरम पानी, बिस्कुट वितरण का कार्य मेडिकल कॉलेज कैम्पस में किया गया। वहाँ व्यौहारी निवासी इजराइल खान की पत्नी और सोहागपुर के कलीम भाई के पिताजी भर्ती थे। ये लोग कई दिनों से दोनो समय काढा मरीजों को पिलाते रहे और स्वयं भी पीते रहे। स्वयंसेवकों के सेवा भाव की प्रशंसा करते हुए उन्होंने निःशुल्क काढ़ा वितरण को मरीजों और उनके परिजनों के लिये अत्यंत लाभकारी और आवश्यक बतलाया। ऐसी ही मिलती - जुलती तस्वीर अनूपपुर जिला चिकित्सालय और कोविड सेंटर के सामने हमेशा देखने को मिली। जिला चिकित्सालय के सामने चाय, बिस्कुट, काढा एवं शाम के नि-शुल्क भोजन की तथा कोविड सेंटर के बाहर चाय, काढे की पूरे माह व्यवस्था की गयी थी। जिला मुख्यालय होने के कारण पूरे जिले के गंभीर मरीज और उनके परिजनों की बड़ी संख्या यहाँ रही है।

### जाति ,पंथ , वर्ग का भेद किये बिना बढाया सहयोग का हाथ

लाकडाउन मे दुकानें ,होटल बन्द होने के कारण लोगों की परेशानियो को देखते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा की समन्वय बैठक में विभाग प्रचारक राकेश जी द्विवेदी द्वारा दिये गये निर्देशानुसार सेवाभारती और भाजपा से जुडे स्वयंसेवकों द्वारा सामाजिक समरसता और सौहार्दपूर्ण सेवाकार्य की मिसाल प्रस्तुत करते हुए आने वाले सभी जरुरतमन्दों को बिना जाति, वर्ग, रंग, पंथ, धर्म का भेद किये हर संभव सहायता प्रदान की गयी।

पूरे लाकडाउन में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वयंसेवकों को मास्क, परीक्षण , संक्रमण और वैक्सीनेशन के प्रति जागरुक करने का कार्य किया। इसी प्रकार से कोरोना संक्रमण से बचाव के लिये अनूपपुर में सामतपुर चौक, अमरकंटक तिराहा, बाजार, राष्टीय स्वयंसेवक संघ कार्यालय के सामने, जिला न्यायालय परिसर सहित अन्य शहरी, ग्रामीण क्षेत्रों में 10 हजार से अधिक नि-शुल्क मास्क वितरित कर लोगों को जागरुक किया गया।सेवा करते हुए किसी को कमी का अहसास कर नजरें नीचे ना करना पड़े, बेवजह फोटो सेशन कर अनावश्यक प्रचार - प्रसार से बचते हुए भी सहायता की गयी कुछ ऐसे भी स्वयंसेवक थे ,जिन्होंने बिना अपनी पहचान उजागर किये ,अपने फोन नम्बर शहडोल, उमरिया, अनूपपुर जिले के लोगों के लिये सोशल मीडिया में शेयर करके बहुत से जरुरतमन्दों को ,बिना उनकी पहचान उजागर किये राशन के किट्स उनके घरों तक पहुंचाने का कार्य किया। देश एक ओर जब जाति, धर्म, सम्प्रदाय, वर्ग भेद की साजिशों की पीड़ा झेल रहा हो तो कोरोना के ऐसे गंभीर संक्रमण काल में अपने प्राणों की बिना परवाह किये सेवाभारती के स्वयंसेवकों ने नि-स्वार्थ सेवा से सामाजिक समरसता और सौहार्दपूर्ण भाव की नयी अलख जगाने का कार्य किया है।




सेनेटाईजर, भोजन, राशन , काढा, चाय, गरम पानी का वितरण करते देखा गया। लगभग सभी स्थानों पर स्वयंसेवकों ने लोगो को

### सूचना

यशभारत समाचार पत्र में प्रकाशित हाने वाले विविध विज्ञापनों के लेखों की जांच पड़ताल करने के बाद ही पाठक इस संबंध में आर्थिक व्यवहार करें, विज्ञापन में अपने उत्पादन के संदर्भ में या सेवा के संदर्भ में विज्ञापनदाता जो दावे पेश करते हैं, उनकी जवाबदारी, यशभारत समाचार पत्र नहीं देता, विज्ञापन में किये गये दावों की पूर्ति अगर विज्ञापनदाताओं द्वारा नहीं की जाती है तो उसके परिणाम के लिए यशभारत समाचार पत्र जिम्मेदार नहीं रहेगा।

## पौधारोपण कर लिया प्रकृति संरक्षण का संकल्प

**सिहोरा।** एक वृक्ष सौ पुत्र समान का संदेश देते हुए विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्ष हमारे मित्र के माध्यम से वर्चुअल परिचर्चा एवं वृक्षारोपण का संकल्प कर प्रकृति संरक्षण का आगाज स्व सेवा संयोजन समिति के तत्वावधान में हुआ। टेकू वासवानी (मस्कट,) के मुख्य आतिथ्य,एवं डा. अरुणा पांडे और रेवती राव के विशिष्ट आतिथ्य में आर्कष जैन के पर्यावरण गीत से शुरू हुआ। इस अवसर पर वनमंडल अधिकारी (जबलपुर) अंजना तिरके उपस्थित रही। आपने इस आयोजन में उपस्थित सभी लोगों को वृक्षारोपण का महत्व बताते हुए कहा कि हम किस प्रकार वृक्षारोपण करके प्रकृति संरक्षण के साथ साथ अपनी आमदनी को भी बढ़ा सकते हैं। घरों मे लागाए गए इमारती वृक्षों एवं बाँस लगाने से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। इस अवसर पर ऑक्सीजन उत्सर्जन करने वाले वृक्षों के साथ साथ फलदार, औषधीय पेड.पौधे का हमारे जीवन में धार्मिक और वैज्ञानिक महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर स्वाति जोशी, मनीषा शर्मा,सुरेखा चंद्रायण,निधि ,डा.आर.के.झारिया, गौरी शंकर पांडे , सुषमा खरे,जागृति डोंगरे,विभा भटोरे, सहित अन्य लोग शामिल रहे। समिति की बाल इकाई उडान के बच्चों के बीच पर्यावरण क्विज काम्पिटीशन में,अदिति मिश्रा प्रथम,सानवी श्रीवास्तव द्वितीय, पिंकी राय तृतीय स्थान पर रहीं। आस्था ग्रोवर,कनिष्का तेजवानी,रिदम जैन का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। आयोजन की रुपरेखा मंजू मिश्रा,सारिका साहू एवं संयोजन सुषमा खरे एवं साधना साहू ने किया।

## सो रहे युवक पर धारदार हथियार से हमला

**कटनी।** रीठी थाना अंतर्गत देवरी फाटक क्षेत्र में बीती रात अवैध शराब बेचने से मना करने पर धारदार हथियार से युवक पर हमला कर लहूलुहान करने का मामला सामने आया है। घटना रात 2 बजे की बताई जा रही है। थाना प्रभारी रोहित यादव का कहना है कि पुलिस ने मारपीट का मामला दर्ज किया है। घायल के परिजनों ने बताया कि लॉकडाउन शुरू होने के बाद से कुछ लोग देवरी के आवास टोला स्थित सपेरों के घर के बाहर आकर रात में अवैध रूप से शराब बेचते थे। जिससे गांव में अशांति का माहौल एवं लड़ाई-झगड़े अक्सर होते रहते हैं। ऐसा ही बीती रात को हुआ लेकिन शराब बेच रहे लोगों को घर की बच्ची के द्वारा मना करने पर दो तीन युवक गाली गलौज करते हुए घर में घुसकर सो रहे 25 वर्षीय मेहमान रवि सपेरा पर धारदार हथियार से हमला कर दिया।


विगत 19 वर्षो से संचालित संभाग का प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान | ISO 9001:2008 सर्टिफाइड

शिवानी कॉलेज शहडोल

मान्यता - म.प्र. शासन चिकित्सा शिक्षा विभाग म.प्र. नर्सिंग कौंसिल म.प्र. पैरामेडिकल कौंसिल भोपाल द्वारा मान्यता प्राप्त

पैरामेडिकल कोर्सेस

B.P.T. (फिजियोथैरेपी) | O.T. Technician (ऑपरेशन थियेटर टेक्नीशियन)

B.M.L.T. (बी.एम.एल.टी.)

D. M.L.T (डी.एम.एल.टी.) | D. Pharma (आयुर्वेद)

D.X.-RAY (डी. एक्स-रे) | पंचकर्म टेक्नीशियन

शिवानी पैरामेडिकल कॉलेज, बाईपास रोड, एस.एस. मोटर्स के सामने, शहडोल | Ph. 07652-231205, 231702, Mob. 7489418153, 7000585856 Email : shivani_inst@yahoo.co.in

# पढ़ाई में गोल्ड मेडलिस्ट रही हैं अमीषा पटेल



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड की खूबसूरत अभिनेत्री अमीषा पटेल अपना जन्मदिन 9 जून को मनाती हैं। वह अब भले की फिल्मी पर्दे से दूर चल रही हों, लेकिन उन्होंने बॉलीवुड के कई बड़े कलाकारों के साथ अभिनय किया और हिट फिल्में दी हैं। अमीषा पटेल का जन्म महाराष्ट्र के एक गुजराती परिवार में साल 1975 में हुआ था। उन्होंने अपनी शुरुआती मुंबई से की इसके बाद अमीषा पटेल ने अमेरिका के टफ्ट्स विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र की पढ़ाई की। यह बात अभिनेत्री के बहुत कम फैंस को पता होगी कि उन्होंने अपने विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र के पेपर के लिए गोल्ड मेडल जीता था। अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद अमीषा पटेल ने बॉलीवुड में कदम रखने के फैसला किया। उन्होंने अभिनेता ऋतिक रोशन के साथ फिल्म %कहो ना प्यार% से बॉलीवुड में डेब्यू किया। यह फिल्म साल 2000 में आई थी। अपनी पहली ही फिल्म में अमीषा पटेल ने काफी सुर्खियां बटोरी। फिल्म %कहो ना प्यार% है बॉक्स ऑफिस पर हिट साबित हुई। इसके बाद वह अभिनेता सनी देओल के साथ फिल्म गदर- एक प्रेम% में नजर आईं। अमीषा पटेल की यह फिल्म बड़ी हिट साबित हुई। इस फिल्म में अमीषा पटेल की भूमिका को बहुत सराहा गया था। वर्ष 2002 में फिल्म हमराज जैसी सुपरहिट फिल्म में काम करने के बाद अमीषा अपने करियर के टॉप पर पहुंच गईं। इसके बाद वह फिल्म भूलभुलैया, रेस-2 जैसी सुपरहिट फिल्मों में भी नजर आईं। बड़े कलाकारों के साथ काम करने के बावजूद अमीषा पटेल को बॉलीवुड में वह मुकाम नहीं मिला, जिसकी उन्हें उम्मीद थी। यही वजह है जो पिछले तीन सालों से अमीषा पटेल बड़े पर्दे से गायब हैं। अमीषा पटेल विवादों में भी खूब रहीं हैं। वह अपने माता-पिता से अलग रहती हैं। इसके अलावा अक्सर अपने परिवार के साथ अमीषा पटेल के विवाद और कानूनी लड़ाई की बात भी सामने आती रहती हैं। अमीषा पटेल ने अपने पिता पर 12 करोड़ रुपये की हेराफेरी का भी आरोप लगाया था और मामला पुलिस तक भी पहुंच गया था। अमीषा पटेल ने अपनी फिल्म प्रोडक्शन कंपनी भी खोली है। इस प्रोडक्शन हाउस के अंतर्गत अमीषा ने %देशी मैजिक% नामक फिल्म भी बनाई है लेकिन वह फिल्म अभी तक रिलीज नहीं हो पाई है। इसके अलावा अमीषा पटेल सोशल मीडिया पर भी काफी सक्रिय रहती हैं। वह अपने फैंस के लिए अक्सर खास तस्वीरें और वीडियो साझा करती रहती हैं।



## #BeTheMiracle से जुड़ी राशी खन्ना राज एंड डीके की वेब सीरीज़ में शाहिद कपूर संग शेयर करेंगी स्क्रीन

नई दिल्ली। कोरोना महामारी का असर देशभर में देखने को मिल रहा है। इस महामारी की वजह से पूरा देश हुरे हेल्थ क्राइसिस से भी गुजर रहा है। ऐसे में जिस भी व्यक्ति से जो और जैसी मदद हो पा रही है वो कर रहा है। इसी बीच राज एंड डीके की अपकमिंग वेब सीरीज में शाहिद कपूर के साथ स्क्रीन शेयर करने वाली अभिनेत्री राशी खन्ना भी लोगों की मदद के लिए आगे आ गई हैं। राशी खन्ना ने BeTheMiracle पहल के साथ हाल ही में हाथ मिलाया है। राशी ने इस बात की जानकारी अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट के जरिए भी दी है। राशी खन्ना ने पोस्ट शेयर कर बताया है कि उन्होंने रोटी बैंक के साथ मिलकर BeTheMiracle पहल की शुरुआत की है। जिसके जरिए अभिनेत्री उन गरीब परिवारों की सहायता करेंगी जिनपर इस महामारी ने लॉक डाउन के चलते गहरा प्रभाव छोड़ा है। राशि की पहल BeTheMiracle के तहत जरूरतमंदों तक भोजन पहुंचाया जाएगा। वे कोविड के इस समय में उन लोगों की मदद करने के लिए अथक प्रयास कर रही हैं जिन्होंने अपनी आजीविका खो दी है। अपने इस इनिशिएटिव के बारे में बात करते हुए राशी खन्ना ने बताया कि, %महामारी से पीड़ित लोगों की दशा दिल दहला देने वाली है। BeTheMiracle के जरिए मैं लोगों की हर मुमकिन मदद करने की कोशिश कर रही हूं। मैं सौभाग्यशाली हूं कि मुझे एक ऐसी टीम का साथ मिला है जो इतनी बहादुर हैं, कि इस महामारी में भी घर से बाहर निकलकर लोगों की समस्याओं को सामने ला रही हैं। आगे राशी कहती हैं, कई परिवार भुखमरी की कगार पर हैं जो हकीकत में बहुत ही बुरे समय से गुज़र रहे हैं। मैं चाहती हूं कि लोग दिल खोलकर डोनेशन करें, तिनका तिनका भी मायने रखता है। यह एक अत्यधिक राशि होना जरूरी नहीं है। हमें इस बात का एहसास होना चाहिए कि हम सब इस समय एक साथ हैं और केवल एक साथ रहकर ही हम इस कठिन समय को पार कर सकते हैं। और साथ में हम किसी के भी जीवन में चमत्कार ला सकते हैं।

## स्क्रीनशॉट शेयर कर भड़की आलिया कश्यप





आलिया सोशल मीडिया पर का़ी एक्टिव रहती हैं। वह अक्सर अपनी हॉट एंड बोल्ड तस्वीरें शेयर कर फैंस के बीच काफी सुर्खियां बटोरती हैं। आलिया अपनी लव लाइफ को लेकर भी काफी चर्चा में रहती हैं। बता दें कि वह अपना एक यूट्यूब चैनल भी चलाती हैं।

नई दिल्ली। बॉलीवुड के फेमस फिल्ममेकर अनुराग कश्यप अक्सर किसी न किसी वजह से सुर्खियों में बनें रहते हैं। अनुराग की तरह ही उनकी बेटी आलिया कश्यप भी काफी चर्चा में रहती हैं। आलिया सोशल मीडिया पर का़ी एक्टिव रहती हैं। वह अक्सर अपनी हॉट एंड बोल्ड तस्वीरें शेयर कर फैंस के बीच काफी सुर्खियां बटोरती हैं। आलिया अपनी लव लाइफ को लेकर भी काफी चर्चा में रहती हैं। बता दें कि वह अपना एक यूट्यूब चैनल भी चलाती हैं। हाल ही में आलिया एक डेटिंग ऐप 'OkCupid' पर अपनी फेक प्रोफाइल आईडी देख कर काफी भड़की हैं। उन्होंने इस उस फेक प्रोफाइल का स्क्रीनशॉट शेयर करते हुए इंस्टाग्राम पर लिखा कि कई लोगों ने उन्हें इसके बारे में सचेत किया। आलिया कश्यप ने अपनी इंस्टाग्राम पर डेटिंग ऐप %ह्वद्मष्ह्वश्चद्बस्र% पर बने अपने फेक प्रोफाइल का स्क्रीनशॉट पोस्ट किया है। इसे शेयर करते हुए आलिया ने लिखा, %बहुत सारे लोगों ने मुझे डीएम किया कि किसी ने डेटिंग ऐप ओकेक्यूपिड पर मेरा फेक प्रोफाइल बना लिया है। मैं आपको बताना चाहती हूं कि यह मैं नहीं हूं, कृपया इसे ब्लॉक करें और रिपोर्ट करें, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। आपको बता दें कि फेक प्रोफ़ाइल में आलिया को निर्देशक अनुराग कश्यप की बेटी के रूप में पेश किया गया है। इस प्रोफाइल में लिखा है कि आलिया इस ऐप का इस्तमाल कर रही हैं और उनसे बाते करनी हो तो उन्हें मैसेज करें। हलांकि आलिया ने सभी से इसकी रिपोर्ट करने और इसे ब्लॉक करने का रिक्वेस्ट की है। बता दें कि हाल ही में आलिया ने अपने यूट्यूब चैनल पर अपने शराब पीने से लेकर डेटिंग लाइफ की खबरों को लेकर एक बड़ा खुलासा किया था। अपने इस वीडियो में आलिया ने अपने ब्वॉयफ्रेंड शेन ग्रीगोइरे से जुड़ी बातें शेयर की थीं। उन्होंने बताया था कि वह ब्वॉयफ्रेंड शेन से एक डेटिंग ऐप के जरिए मिली थीं। दो महीने तक चैटिंग करने के बाद वे दोनों मिले तो आलिया उम्मीद कर रही थीं कि शेन उन्हें किस करेंगे। लेकिन पहली मुलाकात में ऐसा कुछ नहीं हुआ।



## लोग अब भी अली गोनी का नाम लेकर मेरा मज़ाक उड़ाते हैं

नई दिल्ली। बिग बॉस 14 फेम और बीजेपी सोनाली फोगाट किसी न किसी वजह से चर्चा में रहती हैं। कभी अपने सोशल मीडिया पोस्ट की वजह से, तो कभी टीवी एक्टर अली गोनी की वजह से लोग अक्सर उनका मज़ाक उड़ाते रहते हैं। हाल ही में सोनाली ने इसे लेकर अपना दर्द बयां किया है और बताया है कि लोग अब भी उन्हें अली गोनी के नाम ट्रोल करते हैं। मीडिया से बात करते हुए सोनाली ने कहा, 'मुझे लगता है कि अगर कोई लड़का या लड़की किसी के लिए अपनी फीलिंग्स का इज़हार करता है तो हमें मज़ाक उड़ाने की जगह हौसलाफज़ाई करनी चाहिए। लेकिन जब मैंने अली गोनी के लिए अपनी फीलिंग्स का इज़हार किया तो लोगों ने मुझे ट्रोल करना शुरू कर दिया, लोगों ने मेरा मज़ाक बनाया, मुझे कमेंट पास किए और मेरी सोच पर सवाल उठाए। ये सब देखकर मैं हैरान थी कि हम 21वीं सदी में जी रह हैं। अली के लिए मेरी फीलिंग एकदम सच्ची थीं मैंने शो के लिए कुछ भी झूठ नहीं बोला, वो सब फेक नहीं था'। 'मैं लोगों को अपनी रियल साइड दिखाना चाहती थी। मैं चाहती थी कि लोग जाने कि पॉलिटीशियन भी इंसान होते हैं, उनके अंदर भी फीलिंग्स होती हैं, उनका परिवार होता है, लेकिन कुछ लोगों के ये समझ नहीं आया। बिग बॉस को खत्म हुए 3 महीने हो चुके हैं लेकिन लोग अब भी मुझे अली गोनी के नाम से चिढ़ाते हैं। जब भी मैं अपने इंस्टाग्राम पर कोई फोटो या वीडियो शेयर करती हूं तो लोग कमेंट बॉक्स में अली का नाम लिखते हैं, हालांकि इसके अलावा वो कुछ नहीं लिखते बस उसका नाम लिखते हैं। मुझे उन कमेंट्स से फर्क नहीं पड़ता। अली और जैस्मिन से मेरी अच्छी दोस्ती है जैसे राहुल, अर्शी और राखी सावंत के साथ है। मैं शो में जो भी अपनी फीलिंग का इज़हार किया वो फेक नहीं था'। आपको बता दें सोनाली का बिग बॉस 14 में सफर ज्यादा लंबा नहीं रहा था, लेकिन कुछ विवादों की वजह से काफी चर्चा में रहा था।

## कुंडम में अजब-गजब चोरी

# 2 मुर्गा के साथ 4 कैरिट अंडे किये पार

**जबलपुर, यशभारत।** आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र कुंडम में अजब-गजब चोरी का मामला सामने आया है। चोरों ने एक चिकिन दुकान को निशाना



बनाते हुए वहां से दो मुर्गा और 4 कैरिट अंडों पर हाथ साफ कर दिया। इतना नहीं चोरों ने जाते-जाते दुकान के बाहर अंड़े भी फोड़े क्षेत्र में इस चोरी के बाद चर्चाओं का दौर है। हालांकि चोरी की घटना की जानकारी थाने में नहीं है। जानकारी के अनुसार कुंडम बस स्टेण्ड स्थित चिकिन दुकान में अज्ञात चोरों ने बीती रात धावा बोलते हुए दुकान से दो मुर्गा चोरी कर लिए, साथ ही करीब 4 कैरिट अंडा को तहस-नहस कर दिया। आज सुबह जब दुकान संचालक किस्सू और रंजीत चक्रवती दुकान पहुंचे तो उनके होश उड़ गए। दुकान का ताला टूटा हुआ था अंदर जाकर देखा मुर्गों की गिनती की गई तो उसमें से दो मुर्गा गायब थे वहीं 4 अडों की कैरिट भी गायब थी।

### दुकान के अंदर ही मनाई पार्टी

बताया जा रहा है कि अज्ञात चोरों ने चिकिन दुकान के अंदर ही पार्टी मनाई है। अंडे के छिलके बड़ी संख्या में बरामद हुए साथ ही अंडे फूटे हुए भी मिले। दुकान संचालक को शक है कि चोरी की घटना को आसपास के लोगों ने अंजाम दिया है।

## इंजीनियर छात्र कैश ट्रे में पेंचकश और चिमटी फंसाकर साफ कर देते थे एटीएम

# 10 राज्यों में एटीएम से पैसा उड़ाने वाले जबलपुर में बंधे

**जबलपुर, यश भारत। एटीएम में टेक्नोलॉजी का ऐसा प्रयोग की एक नहीं 10 राज्यों के एटीएम में छेड़छाड़ कर लाखों रुपए निकाल लेते थे और बैंक सिक्योरिटी और पुलिस-प्रशासन हक्का-बक्का रह जाता था। इतना ही नहीं शातिर चोरों को पकडने़ मुखबिरों की एक पूरी की पूरी टोली लगाई गई थी। पकड़े गए तीनों यूपी की राजधानी लखनऊ स्थित इंजीनियरिंग कॉलेज के हास्टल में रहकर बीटेक की पढ़ाई करते थे। एनसीआर मॉडल के एटीएम मशीन के कैश ट्रे में पेंचकश और चिमटी फंसाकर पैसे निकाल लेते थे। इसके बाद ट्रांजेक्शन को फेल दिखाकर बैंक से क्लेम भी ले लेते थे। आरोपियों में दो कानपुर और एक वाराणसी का रहने वाला है।**

### लाखों की कर चुके हैं चोरी

आरोपी जबलपुर, कटनी सहित दिल्ली, गुजरात, हरियाणा, महाराष्ट्र, राजस्थान, बिहार, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश व पश्चिम बंगाल में एटीएम से लाखों की चोरी कर चुके हैं। एक आरोपी के तीन बैंक खातों की पिछले तीन साल की डिटेल में 45.96 लाख रुपए ट्रांजेक्शन की बात आई है। जबकि आरोपी गरीब मजदूरों और परिचितों का एटीएम कार्ड लेकर भी वारदात को अंजाम देते थे। एसपी सिद्धार्थ बहुगुणा ने इस हाइप्रोफाइल अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया। जानकारी अनुसार संजीवनी नगर पुलिस ने 1 जून को गुलौआ चौक स्थित एटीएम से सरसी देवसढ़ धारमपुर कानपुर निवासी विजय यादव पिता अमृतलाल यादव (25) को गिरफ्तार किया था। इससे पूछताछ के आधार पर उसके दो फरार आरोपियों को कानपुर सर्वोदय नगर निवासी गगन कटियार पिता जानेंद्र सिंह (23) और दूसरे डॉक्टर कॉलोनी पांडेपुर वाराणसी निवासी अजीत कुमार पिता मुरलीधर सिंह (40) को मिर्जापुर (यूपी) से गिरफ्तार किया गया।



गिरोह का खुलासा करते पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा

### आरोपी 2018 से वारदात को दे रहे थे अंजाम

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से तीन एटीएम कार्ड दो मोबाइल, पेंचकस, चिमटी और वारदात में प्रयुक्त कार यूपी 32 एफएस 4275 और 65 हजार रुपए नकदी जब्त किए गए। वहीं एक और आरोपी की कार यूपी 78 जीए 0206 भी जब्त की गई है। तीनों आरोपी 2018 से वारदात को अंजाम दे रहे हैं। अकेले विजय यादव के तीन बैंक खातों में 46 लाख रुपए के लगभग का ट्रांजेक्शन मिला है। आरोपी घटना के लिए एक एटीएम कार्ड का प्रयोग दो से तीन बार करते हैं। इसके बाद एटीएम बदल लेते हैं। इसके लिए वह दोस्त, रिश्तेदार, गरीब मजदूरों को 500-100 रुपए देकर उनका एटीएम लेते थे और वारदात को अंजाम देते थे।

### ऐसे हुआ खुलासा

कालीमठ मंदिर के पास आमनपुर मदनमहल निवासी महेंद्र बाथरे के मोबाइल पर गुलौआ चौक एटीएम के फाल्ट होने का लगातार मैसेज आया। वह मौके पर पहुंचा तो वहां आरोपी विजय यादव पेंचकश व चिमटी जैसा औजार डालकर रुपए निकाल रहा था। एक कार यूपी 32 एफएस 4275 रोड पर खड़ी थी। इसमें दो लोग बैठे थे, जो उसे देखते ही फरार हो गए। विजय को उसने दबोच लिया। अपने मैनेजर अजीत कुमार दुबे को बताकर ऑनलाइन फुटेज मंगवाया। फिर एटीएम में कैश लोडिंग एजेंसी व ऑडिटर को बुलाकर पता किया तो एटीएम में 77 हजार रुपए कम थे। विजय को लेकर वह संजीवनी नगर थाने पहुंचा और मामला दर्ज करवाया।

### गढ़ा व गुलौआ के दो एटीएम से निकाले पैसे

1 जून की सुबह 6 बजे तीनों कार से निकले। रास्ते के सभी एटीएम चेक करते हुए गढ़ा के एटीएम में 10 हजार रुपए निकाले। फिर गुलौआ चौक में राजकुमार के कार्ड से एटीएम से ट्रांजेक्शन के दौरान पेंचकस और चिमटी फंसाकर 30 हजार रुपए चोरी किए। इसी दौरान विजय यादव पकड़ लिया गया। संजीवनी नगर पुलिस ने विजय यादव को रिमांड पर लेकर पूछताछ की। उसके पास से तीन एटीएम कार्ड मिले। इसके बाद टीम ने गगन कटियार को कानपुर से और अजीत सिंह को मिर्जापुर गिरफ्तार किया गया।

# रेक लोडिंग की लिंक तलाश रही एजेंसी

## परिवहन कर्ता और FCI अधिकारियों के भोपाल छापे से जुड़े तार, नए और पुराने ठेके जांच की जद में

**जबलपुर यश भारत।** मंगलवार को ष्टक्चढ्ढ द्वारा फूड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के ट्रांसपोर्टर के कार्यालय में छापामार कार्यवाही की गई। जानकारी के मुताबिक जबलपुर के तिरुपति कार्गो और पंकजम ट्रांसपोर्ट की फर्मों पर छापे मारे गए। जानकारी के मुताबिक पिछले दिनों भोपाल में स्नष्टढ्ढ के कई अधिकारियों और कर्मचारियों के यहां छापामार कार्रवाई की गई थी जहां से इन फर्मों के नाम सामने आए थे। जिसके बाद यह कार्यवाही की गई। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक सीबीआई की टीम बलदेवबाग स्थित उक्त ट्रांसपोर्टरों के कार्यालय के सामने सुबह से पहुंच गई थी और जैसे ही कार्यालय खोला वहां पहुंचकर सारे दस्तावेज अपने कब्जे में ले लिए। जानकारी के मुताबिक भोपाल में जो कार्यवाही हुई है उस में बड़े स्तर पर ट्रांसपोर्टर और अधिकारियों की मिलीभगत के सबूत मिले हैं जिसके चलते यह कार्यवाही हुई। उक्त दोनों ट्रांसपोर्ट एक ही परिवार के लोगों द्वारा संचालित की जाती है जिसमें और भी कई फर्मे है जो अलग अलग नाम से अलग-अलग विभागों में काम करती हैं तिरुपति कार्गो और नर्मदा ट्रांसपोर्ट के अलावा बालाजी ट्रांसपोर्ट और पंकजम ट्रांसपोर्ट के नाम से भी काम करते हैं। जिनके प्रोपराइटर एक ही परिवार के है। जिनके नाम से अलग-अलग फर्म रजिस्टर्ड है।




### यहां के है ठेकेदार

सीबीआई द्वारा जिन फर्मों पर छापामार कार्यवाही की गई उनके पास अलग-अलग रैक पॉइंट के ठेके हैं जानकारी के मुताबिक स्नष्टढ्ढ के ग ?ा रैक पॉइंट का ठेका तिरुपति कार्गो के पास है इसके साथ ही गोसलपुर रैक प्वाइंट का ठेका भी तिरुपति कार्गो के पास है। इसके साथ ही विगत वर्षों में कछपुरा रैक प्वाइंट का ठेका नर्मदा रोड लाइंस के पास था जो अब नहीं है। इसके साथ ही गोसलपुर में भी पूर्व के वर्षों में नर्मदा रोडलाइंस काम कर चुकी है। इसके साथ ही ग्वारीघाट रैक कुछ समय चली है में इसमें भी इसी परिवार की फर्मों ने काम किया था जो कि अब जांच के दायरे में है। साथ ही साथ कटनी, सिवनी, पिपरिया, नरसिंहपुर में भी इनके काम चल रहे हैं साथ ही कुछ कार्य पूर्व के वर्षों में करे थे।

### दूरी का है खेल

रैक लोड करने में पूरा खेल दूरी का होता है रैक जितनी दूरी से लोड की जाती है भाड़ा उतना ज्यादा बनता है उसके लिए ट्रांसपोर्ट स्नष्टढ्ढ अधिकारियों के साथ मिलकर रेट पॉइंट से पास की गोदामों को फैल करवा देता है। जिस कारण उसे दूर से गेहूं उठाने की अनुमति मिल जाती है। जिससे उसका मोटा भाड़ा बनता है और बंदरबांट होती है। जिसके सबूत भोपाल छापे से भी मिले हैं। जिसकी तलाश में स्नष्टढ्ढ की टीम जबलपुर पहुंची थी।

# काम पर जाने निकाला युवक नहीं लौटा

## पांच दिन में परेशान हैं परिजन

**जबलपुर यशभारत।** त्रिमूर्ति नगर निवासी 33वर्षीय अतुल गुप्ता विगत 3 जून की सुबह अपनी मां को यह बोलकर की मैं ऑफिस जा रहा हूं।वह सुबह अपनी एक्टिवा स्क्क 20 स्श्व-8825 से लगभग 9॰45 पर ओरिएंटल ट्रांसपोर्ट ऑफिस के लिए निकले . जो अब तक अपने घर नहीं पहुंचे और न ही उसका कोई पता चल रहा है। उसके बाद किसी अनहोनी की आशंका से पूरा परिवार भय के साए में एक-एक पल गुजार रहा है।युवक के गुमशुदगी की रिपोर्ट परिजनों के द्वारा गोहलपुर थाने में की गई।पुलिस अतुल की पता साजी की कोशिश कर रही है।लेकिन कोई भी सुराग अभी पुलिस के हाथ नहीं लगा।जैसे-जैसे समय बीता जा रहा है परिवार की चिंता बढ़ती ही जा रही है।वृद्ध माता पिता और पत्नी पांच दिन से सोये भी नहीं है।अतुल के पिता एवं बड़े भाई लगातार पुलिस प्रशासन से भाई को ढूंढने की गुहार लगा रहे हैं अतुल के परिजनों के द्वारा सभी रिश्तेदार एवं परिचितों में भी जानकारी ली गई लेकिन कोई सुराग नहीं मिला।



## बरेला-हिनौतिया हत्याकांड

# सेवादार से मिलने आए थे 7 लोग

**जबलपुर। बरेला थाना क्षेत्र के हिनोतिया भोई गांव में हुई सेवादार की निर्मम हत्या की गुत्थी पुलिस अभी तक सुलझा नहीं सकी है। मृतक रिडायर्ड कर्मी से घटना से पहले 7 लोग मिलने आए थे। पुलिस की शक की सुई इन्हीं पर जाकर टिकी है। पुलिस अब यह पता करने में जुटी है कि सेवादार की मौत के पहले कौन-कौन मिलने आया था और उनके बीच आखिर ऐसा क्या हुआ कि वृद्ध की दर्दनाक हत्या करदी गई।**



## पुलिस घटना की हर एंगल में कर रही पड़ताल, संदिग्धों से पूछताछ जारी

उल्लेखनीय है कि हिनोतिया गांव के ही रहने वाले रिटायर्ड फैक्ट्री कर्मी 70 वर्षीय गोपाल प्रसाद मार्को की 8 जून की दरमियानी रात अज्ञात हमलावरों द्वारा उसके चेहरे पर धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी गई थी। खून से लथपथ लाश मंदिर परिसर में प ?ी हुई मिली थी। इस घटना के बाद से क्षेत्र में सनसनी का माहौल है। ग्रामीण एक ही बात सोच रहे हैं कि आखिर किन कारणों के चलते हमलावरों द्वारा इस वारदात को अंजाम दिया गया। पुलिस द्वारा कई संदिग्धों से इस मामले में पूछताछ की जा रही है किंतु अभी तक कोई ऐसा सुराग पुलिस के हाथ नहीं लगा है। जिससे कि वह आरोपियों तक पहुंच सके हालांकि पुलिस घटना के बाद से एंगल जांच करने में लगी हुई है।

### नशेड़ियों का रहता था कब्जा

सूत्रों की मानें तो सेवादार जिस मंदिर में सेवाकार्य करता था, उस मंदिर में अक्सर गंजेड़ियों का जमघट लगा रहता था। अब पुलिस इस एंगल से भी हत्या के मामगे से पर्दा उठाने की कोशिश कर रही है। जिसके चलते पुलिस संदिग्धों से लगातार पूछताछ कर रही कर, जांच में जुटी है।

# अनियंत्रित बाइक पत्थर से टकराई ,युवक मृत

## घर लौटते समय हुआ हादसे का शिकार

**जबलपुर यश भारत।** पनागर थाना क्षेत्र के अंतर्गत हुए एक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार पनागर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले डोंगा बडेरा ग्राम का रहने वाला 28 वर्षीय



विनोद भूमिया पिता डेलन भूमिया बाइक से किसी कार्य से कुसनेर गया हुआ था जब वह वापस घर लौट रहा था इसी दौरान बडेरा तालाब के पास वह वाहन से संतुलन खो बैठा जिससे बाइक लहराते हुए मार्ग के किनारे लगे मील के पत्थर से जा टकराई । इस दुर्घटना में युवक के सिर मैं गंभीर चोट आई और वह बेहोश होकर गिर गया ।इस दुर्घटना की सूचना वहां से निकल रहे राहगीरों ने पुलिस एवं 108 एंबुलेंस को दी ।सूचना के आधार पर पहुंची एंबुलेंस के ईएमटी गौरव दुबे एवं पायलट प्रमोद दुबे द्वारा उसका प्राथमिक उपचार करने के बाद गंभीर हालत में पनागर अस्पताल लाया गया जहां पर कुछ देर के बाद उसकी मौत हो गई पुलिस ने मर्ग कायम कर दुर्घटना को विवेचना में लिया है।

# तूफानी हवाएं, गरज चमक से बरसात के आसार

**जबलपुर,यशभारत।** जबलपुर जिले में प्री-मानसून की जोरदार बारिश से मौसम सुहावना हो गया है। दरमियानी रात तेज हवा के साथ जोरदार बारिश हुई। मौसम विभाग ने चेतावनी जारी की है कि आज कल में तूफानी हवाओं के साथ तेज बारिश हो सकती है। प्री-मानसून की इस बारिश में शहर में रात से सुबह तक 15. 4 मिलीमीटर और पिछले 24 घंटों में 26.6 मिली मीटर और अब तक कुल 31.1 मिलीमीटर बारिश हो चुकी है। मंगलवार दोपहर में 11.2 एमएम यानी आधा इंच के करीब बरसात हुई। मौसम विभाग के अनुसार अभी चार पांच दिनों तक और इस तरह का मौसम बना रह सकता है।विशेषकर जबलपुर संभाग के जिलों में 12 से 15 जून तक कहीं-कहीं भारी वर्षा भी हो सकती है। वर्तमान में असम, गुजरात में ऊपरी हवा के चक्रवात बने हुए हैं। साथ ही अरब सागर से भी लगातार नमी आ रही है।



गोल बाजार में पेड़ हुआ जमींदोज।

जिसके चलते प्रदेश में गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने का सिलसिला जारी हैं। मौसम विभाग के अनुसार जबलपुर में 30 से 40 किलो मीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से हवाऐं चलने, गरज चमक के साथ जोरदार बारिश होगी। इन गतिविधियों में और तेजी आने की संभावना है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक मौजूदा स्थिति को देखते हुए दक्षिण-पश्चिम मानसून इस बार तय तारीख से पहले आमद दर्ज करा सकता है।मौसम वैज्ञानिक बीजू जान जैकब के अनुसार यह प्री-मानसून की बारिश है। हवाओं का रुख अभी पश्चिमी है और जो हालात हैं उसमें आगे गरज और चमक के साथ बारिश संभव है। मंगलवार को शहर का अधिकतम तापमान 38.8 डिग्री दर्ज किया गया जो सामान्य से 2 डिग्री कम रहा। बुधवार का न्यूनतम तापमान 22.3 डिग्री दर्ज किया गया जो सामान्य रहा। मौसम विभाग ने मंगलवार को भी भारी बारिश की संभावना जताई है।

### बिजली ने सताया

दमियानी रात तेज हवा और बारिश के कारण कई जगह पेड़ गिर गए जिससे बिजली गायब रही।आधी रात के बाद से गायब बिजली तड़के साढ़े पांच बजे आई। इससे लोगों की नींद ही गायब हो गई। कई स्थानों पर लाइन फॉल्ट आने के कारण लोगों को घंटों लाइट चालू होने का इंजतार करना पड़ गया। बताया जाता है कि तेज हवा चलने के बाद जैसे ही बारिश शुरू हुई तो शहर के चेरीताल, मिलौनीगंज, बड़ा फुहारा कोतवाली, विजय नगर, पुरवा, संजीवनी नगर, बिलहरी, अधारताल, सिविक सेंटर, रांझी, राइट टाउन, सिविल लाइन सहित आसपास के क्षेत्रों की विद्युत सप्लाई बंद हो गई। इस दौरान सुधार कार्य मे तीन घंटे लगने पर लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

# प्रेमी से झगड़ा, पिता की बात पर मरने पहुंची पंचवटी

**जबलपुर ।** गढ़ा के त्रिपुरी चौक में एक तलाकशुदा महिला के आत्महत्या करने के प्रयास का मामला सामने आया है। जब यह मामला पुलिस के पास पहुंचा तो पता चला कि महिला अपने प्रेमी से झगड़कर आई थी, लेकिन उसने पुलिस को बताया कि पिता आए दिन प्रेमी को लेकर विवाद करते है। इसलिए वह तनाव में जीवन समाप्त करने पहुंची थी। लेकिन भेड़ाघाट आरक्षक की चतुराई के कारण महिला की जान बच गयी। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि गढा त्रिपुरी चौक निवासी एक 26 वर्षीय महिला का उसके परिजनों से किसी बात को लेकर आए दिन विवाद की स्थिति बनी रहती थी। शाम को उसने अपने पापा से कहा कि मैं दीदी से मिलने के लिए उसके घर जा रही हूं, लेकिन दीदी के घर ना पहुंचकर वह पंचवटी पहुंच गयी और वहां पर जाकर आत्महत्या करने के प्रयसा से पत्थरों पर बैठ गयी। इधर महिला को पत्थरों पर अकेला बैठे देखकर वहां के चौकीदार ने इसकी सूचना भेड़ाघाट थाने में दी। जहां से आरक्षक हरिओम शर्मा मौके पर पहुंचे और महिला से बात की। जिसके बाद ज्ञात हुआ कि महिला घरेलु विवाद के कारण आत्महत्या करने पहुंची थी। पुलिस कर्मी की समझाईश के बाद महिला अपने घर लौट गयी और उसके परिजनों को समझाइश दी।

**भेड़ाघाट आरक्षक की चतुराई से बची महिला की जान**

### शब्बीर अंसारी का निधन



**जबलपुर।** भाजपा के अब्दुल हमीद मंडल के मंडल अध्यक्ष भाई शब्बीर अंसारी का निधन हो गया है। भाई शब्बीर अंसारी को पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष भारत सिंह यादव मुरली दुबे राजेश यादव दीपक शर्मा टिम्मी बाबूलाल नामदेव लक्ष्मी नारायण शुक्ला शिवराम पटेल ने श्रद्धांजलि दी ।



### पहलवान श्री भूपसिंह यादव का देवलोक गमन

ग्राम रेगबा के पूर्व सरपंच बसंत यादव के पिताजी पहलवान श्री भूपसिंह यादव का देवलोक गमन हो गया है। अंतिम संस्कार रेगबा श्मशानघाट में हुआ।


अब नई शृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

SONY Panasonic INTEX Kurl-on Haier Godrej SAMSUNG USHA PHILIPS & All Product
शादियों के लिए विशेष पैकेज उपलब्ध
आसान किश्तों पर आसान शर्तों पर
बेटी की शादी का पूरा फर्नीचर सागौन द्वारा निर्मित
मिश्रा फर्नीचर्स एण्ड इन्टरप्राइजेज
सरकारी कुंआ, शीतलामाई रोड, जबलपुर फोन नं. 2626496 मो. 9827235010
फर्नीचर्स वारंटी पर उपलब्ध

होम डिलेवरी के लिए लड़कों की जरूरत
Pure & Tasty AK's Special
मो. 9827681910
गर्मी के मौसम में स्पेशल सत्तू चने का उपलब्ध है। अब हमारे नये शोरूम गोरखपुर में
अशोक कुमार अजित कुमार
गुलाबी चना, मुरमुरा, बोल्ड चना, केला चिप्स, बोल्ड पीनट, मसाला चना, ड्राय मेल, चना जौर गर्म
प्रियदर्शनी एवं सेवा केन्द्र मढ़ाताल में उपलब्ध
ब्रांच-अशोक कुमार, अजित कुमार पुराना लेबर कोर्ट, नर्मदा रोड, गोरखपुर, जबलपुर

ॐ शांति ॐ शांति ॐ शांति ॐ शांति ।। जय बाबा मसान ।। ॐ शांति ॐ शांति ॐ शांति ॐ शांति
"आपका साथी" एवं सम्पूर्ण समाधान मृत्यु उपरांत
दाह संस्कार पूजन सामग्री
एवं पूजन, पंडित व्यवस्था प्रतिष्ठान
दाह संस्कार से संबंधित सम्पूर्ण सामग्री आपके बताये पते पर भेज दी जावेगी
9111712445, 8871253911 9111712445,7999526101
दाह संस्कार सामग्री | खारी/ तीसरे दिन की पूजन सामाग्री | दशगात पूजन | बारहवीं, तेरहवीं गंगाजली पूजन
दुकान पता: "आपका साथी" बल्देवबाग पेट्रोल पम्प के पास स्मॉल वण्डर स्कूल के सामने, उखरी रोड, जबलपुर

सुपरस्पेश्यालिटी पेट एवं लिवर रोग क्लीनिक
डॉ. मनीष तिवारी
M.B.B.S., MD, DM Gastroenterology Member of American college of Gastroenterology Consultant Gastroenterologist, Shailby Hospital Super Speciality Gastro & Liver Clinic Jabalpur
उपचार की सुविधायें
■ पेट में लंबे समय से तकलीफ
■ लिवर से संबंधित बीमारियां
■ पेंक्रियाज से संबंधित बीमारियां
■ पाचन से जुड़ी हुई परेशानियां
पता सुपरस्पेश्यालिटी पेट एवं लिवर रोग क्लीनिक उखरी तिराहा, विजयनगर, जबलपुर
परामर्श के लिये संपर्क करें- 8085257585, 0761-4004867


स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन (0761) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)